26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : मंगलवार, 6 जनवरी, 2026
अंक- 74 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुरेश कलमाड़ी का निधन



पुणे ( एजेंसी/चिंगारी )। पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुरेश कलमाड़ी का मंगलवार को निधन हो गया। वह 81 साल के थे। पुणे के पूर्व सांसद श्री कलमाडी राजनीति और खेल जगत में एक जानी-मानी हस्ती थे। उनका पुणे के दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल में इलाज चल रहा था। वह काफी लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनका पार्थिव शरीर दोपहर दो बजे तक जनता के दर्शन के लिए एरंडवाने में कलमाड़ी हाउस में रखा जाएगा, जिसके बाद उनका अंतिम संस्कार पुणे के नवी पेठ में वैकुंठ स्मारक भूमि पर किया जाएगा। कई वरिष्ठ राजनीतिक नेता, पार्टी के साथी और समर्थक उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि देने के लिए उनके घर पर पहुंचे हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभय छाजेड ने कहा कि श्री कलमाडी के निधन से पुणे के राजनीतिक और सामाजिक हलकों में दुख की लहर दौड़ गई है।


## माँ कामाख्या मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल

निकट भारत पेट्रोल पम्प
मौ. बुखारा, नूरपुर रोड, बिजनौर

7983183749
8755001105

आपके शहर बिजनौर में पहली बार

एडवांस नेत्र एवं मोतियाबिन्द सर्जरी सेन्टर
(जापानी दूरबीन और स्वीटजरलैण्ड की फेको मशीन द्वारा ऑपरेशन)



डॉ. पल्लवी एम. जैन
M.B.B.S., M.S. (KGMC Lucknow)
Fellowship in Cornea & Refractive Surgery
Aravind Eye Hospital, Kolkata
नेत्र रोग विशेषज्ञ

24/7 SERVICE

परामर्श समय
प्रातः 10:30 से सायं 7:30 बजे तक

आयुष्मान कार्ड द्वारा आँखों का निःशुल्क ऑपरेशन

उपलब्ध सुविधाएँ
- अत्याधुनिक जापानी दूरबीन (Takagi) एवं Switzerland की Oertli Catarhex III, Phaco मशीन द्वारा आँख में कृत्रिम लेंस (IOL) लगाना।
- बिना टाँके, बिना दर्द (फेको विधि) द्वारा मोतियाबिंद के ऑपरेशन।
- आँख के परदे (Retina) की अत्याधुनिक उपकरणों द्वारा जाँच।
- नाखूना, परवाल एवं नासूर के उपचार व ऑपरेशन।
- काला पानी (काला मोतिया) का उपचार एवं ऑपरेशन।
- पुतली के रोगों का इलाज एवं पुतली में इंजेक्शन लगाने की विशेष सुविधा।
- कम्प्यूटर द्वारा चश्मे का नम्बर की जाँच।


## बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ नहीं थम रही हिंसा

# 18 दिनों में 6 हिंदुओं की हत्या

ढाका ( एजेंसी/चिंगारी )। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हमले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। उस्मान हादी की हत्या के बाद भड़की हिंसा में 18 दिनों में 6 हिंदुओं की हत्या हो चुकी है। इनमें से दो हत्याएं बीते 24 घंटे में अंजाम दी गई हैं। हैरान करने वाली बात है कि इन हत्याओं के बावजूद बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस सरकार के कान पर जूं नहीं रेंग रही है।

बांग्लादेश के नरसिंगदी में सोमवार को एक किराने की दुकान के मालिक शरत चक्रवर्ती मणि की बेरहमी से हत्या कर दी गई। वहीं सोमवार के ही दिन जशोर के मनीरामपुर में गोली मारने के बाद गला काट कर हिंदू पत्रकार राणा प्रताप बैरागी की नृशंस हत्या को अंजाम दिया गया। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक राजधानी ढाका के बाहरी इलाके नरसिंगदी में 40 वर्षीय हिंदू युवक शरत



मृतक का फाइल फोटो।

चक्रवर्ती मणि की चरमपंथियों धारदार हथियारों से हमला कर हत्या कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शरत नरसिंगदी के चारसिंदूर बाजार में अपनी किराने की दुकान पर थे। इसी दौरान अज्ञात हमलावरों ने अचानक उन पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। वे गंभीर रूप से घायल हो गए। जब स्थानीय लोग उन्हें अस्पताल ले जा रहे थे, तो रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतक शरत चक्रवर्ती मणि पहले दक्षिण कोरिया में काम करते थे और कुछ साल पहले बांग्लादेश लौट आए थे। मृतक शरत चक्रवर्ती मणि पहले दक्षिण कोरिया में काम करते थे और कुछ साल पहले बांग्लादेश लौट आए थे। बांग्लादेश के सामाजिक कार्यकर्ता बप्पादित्य बसु ने शरत की हत्या का कड़ा विरोध किया। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर यही सिलसिला जारी रहा तो कुछ ही वर्षों में बांग्लादेश में हिंदुओं का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि मोहम्मद यूनुस की सरकार हिंदुओं की हत्याओं का समर्थन कर रही है। उन्होंने दावा करते हुए कहा, घटना से दो दिन पहले चरमपंथियों ने शरत से बड़ी रकम की मांग की थी।

## वीबी जी राम जी अधिनियम विकसित भारत की आधारशिला बनेगा- योगी

लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकसित भारत-जी राम जी कानून, 2025 के संबंध में लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। इस दौरान उन्होंने कहा, वीबी जी राम जी में पारदर्शी प्रक्रिया है। ग्रामीण क्षेत्र स्थाई इन्फ्रास्ट्रक्चर में वृद्धि करने के लिए अहम अधिनियम पारित हुआ है और यह विकसित भारत का आधारशिला बनेगा। विकसित भारत का लक्ष्य तभी साकार हो सकता है, जब राज्य विकसित होंगे। राज्य तब विकसित होंगे, जब ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त होगी, जब विकसित भारत की संकल्पना आगे बढ़ेगी। इसीलिए यह क्रांतिकारी और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। योगी आदित्यनाथ ने कहा, जिन लोगों ने देश के अंदर लंबे समय तक संसाधनों पर डकैती डाली। नवजवानों को बेरोजगारी का दंश झेलने के लिए मजबूर कर दिया था। वे लोग इस तरह के सुधार और पारदर्शी और ग्रामीण भारत के विकास और विकसित भारत के संकल्पना का समर्थन करेंगे।


ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।

एथर इलेक्ट्रिक असली इलेक्ट्रिक



एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर शोरूम के लिये आवश्यकता है।
सेल्स एग्जीक्यूटिव
Male & Female
मैकेनिक Male
E&periance Minimum 1 Years
( समय - 11:00 बजे से 1:00 बजे तक )

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911



## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**बुधवार, 7 जनवरी 2026**

मेष- साहसिक प्रयास, समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर, परोपकार की भावना जागृत, उत्साह में वृद्धि, जिम्मेदारियों हेतु व्यय, जीवन में सुख शांति, हर्ष भी।

वृषभ- निराशा की स्थिति, परिश्रम के बावजूद आंशिक सफलता, वैवाहिक जीवन में मतभेद, सहयोगियों से विवाद की आशंका, नवीन समस्याएँ प्रभावी, यात्रा से हानि।

मिथुन- आकस्मिक लाभ का सिलसिला, राजनैतिक कृत्यों की ओर अभिरुचि, शत्रु हानि पहुँचाने में असफल, जीवन साथी का सानिध्य, समस्याओं का समाधान।

कर्क- अभिलाषा की पूर्ति का सुयोग, पारिवारिक परेशानियों में कमी, परोपकार की ओर प्रवृत्ति, प्रेम सम्बन्धों में अनुकूलता, आपसी सौहार्द, उन्नति का सिलसिला।

सिंह- दिनचर्या व्यवस्थित, प्रियजनों मित्रों से अपेक्षित सहयोग, व्यक्तित्व का विकास, संत समागम, मेल मिलाप में रुचि, आपसी वैमनस्यता में कमी, धर्म-अध्यात्म में रुचि।

कन्या- लाभ में कमी का एहसास, स्वयं की प्रतिभा का उपयोग करने से वंचित, शत्रु हानि पहुँचाने की कोशिश में, स्वजनों से मतभेद, यात्रा में परेशानी, अकेलेपन की अनुभूति।

तुला- निराशा का समापन, इच्छानुकूल घटनाएं घटित, परिवार में मंगल आयोजन सम्पन्न, विपरीत परिस्थितियों पर विजय, व्यापार में धन निवेश, कार्यक्षमता में वृद्धि।

वृश्चिक- कुछेक समस्याएं सुलझने की ओर, स्वास्थ्य सुधार पर, प्रतियोगिता में महत्वपूर्ण सफलता, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, सुसंदेश की प्राप्ति, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि।

धनु- योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु मित्रों से विचार-विमर्श, पारस्परिक सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, परिवार में सुख-शांति का वातावरण, प्रतियोगिता में सफलता।

मकर- कार्यों में असफलता, व्यापारिक हानि, शारीरिक सुख में बाधा, वैचारिक स्थिरता का अभाव, स्वजनों से तनाव, वाहन से भय, चोट-चपेट दुर्घटना की आशंका।

कुम्भ- स्वास्थ्य सुधार पर, मनोनुकूल कार्य में अनुकूलता, व्यावसायिक सफलता का मार्ग प्रशस्त, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क, धनसंचय की ओर प्रवृत्ति, चित्त प्रफुल्लित।

मीन- ग्रहस्थिति भाग्य के पक्ष में, कार्यों के प्रति प्रगति की दिशा में प्रयास सार्थक, परिवार में मंगल आयोजन सम्पन्न, राजनीतिक क्रियाकलापों से प्रतिष्ठा में वृद्धि।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# कलाकारों ने गीतों से समां बांधा

## खुशी गुप्ता को बैस्ट सिंगर, डॉ. अंजू को बैस्ट एंकर का अवार्ड दिया



हलचल म्यूजिकल सोसाइटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में चेयरमैन संघ के जिला अध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील को सम्मानित करते आयोजक।



नगीना में आयोजित कार्यक्रम में अग्रवाल सभा के प्रधान शीतल अग्रवाल को सम्मानित करते अतिथि।

नगीना ( चिंगारी )। नगर में हलचल म्यूजिकल सोसाइटी द्वारा धामपुर मार्ग पर स्थित एक होटल के सभागार में आयोजित नववर्ष के उपलक्ष में संगीतमय कार्यक्रम का शुभारंभ अग्रवाल सभा के प्रधान शीतल अग्रवाल, सी.के. सिंह, आशा माहेश्वरी, समाजसेविका ऋतु गर्ग, निर्देशक सुशील गुप्ता व डॉ. अंजू बिश्नोई द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद रंगारग कार्यक्रम में हलचल म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों खुशी गुप्ता, अलपिका अग्रवाल, साक्षी सैनी, विशाल सैनी, स्वाति जैन, स्वाति अग्रवाल, अमन, राजपाल सिंह, सुकृती, ईश्वर एवं मेहमान कलाकार के रूप में वृद्धि थापन ( बिजनौर ) व मन गुप्ता और विशाल गुप्ता ( बढ़ापुर ) ने अपनी मधुर आवाज में शानदार गीतों को सुनकर श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया। हलचल म्यूसिक अवार्ड में खुशी गुप्ता को बैस्ट सिंगर का अवार्ड, डॉ. अंजू बिश्नोई को बैस्ट एंकर और के.के. बिश्नोई को बैस्ट पोएट का अवार्ड दिया गया।

मशहूर हास्य कवि हुड़दंग नगीनवी ने अपनी हास्य रचनाओं से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया, वहीं मीनाक्षी मलिक, डॉ. अंजू बिश्नोई और के.के. बिश्नोई ने अपनी रचनाओं में समाजिक कुरीतियों पर प्रहार कर श्रोताओं को सोचने पर विवश कर दिया। कार्यक्रम में विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में शामिल डॉ. आदित्य अग्रवाल को संरक्षक शीतल अग्रवाल व कोषाध्यक्ष स्वाति अग्रवाल द्वारा शॉल उढ़ाकर स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। जबकि एफ.एम. रेडियो मुरादाबाद के आर.जे. आनंद सैनी और रेनू सैनी को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जूही बिश्नोई व चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष शेख शहनवाज़ खलील को डॉ. अंजू बिश्नोई व निर्देशक सुशील गुप्ता द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर पुरस्कृत किया गया। पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकार गौरव गोयल, नंदकिशोर सैनी, शेख जमशेद को सोसाइटी की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता अजय माहेश्वरी, गीता माहेश्वरी, सुमन थापन, अनिल थापन, नीरू बेरी, लवली अग्रवाल, विनीता गुप्ता, नीतू मित्तल, खुशी अग्रवाल, तनु बेरी, सावन गुप्ता, आशी जैन आदि मौजूद रहे।

# यूपी पुलिस भर्ती में सभी वर्गों को 3 साल की उम्र छूट

## मुख्यमंत्री योगी ने किया ऐलान

नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )। उत्तर प्रदेश सरकार ने पुलिस भर्ती को लेकर बड़ा और राहत भरा फैसला लिया है। लंबे समय से इंतजार कर रहे युवाओं के लिए यह खबर किसी सुकून से कम नहीं है। राज्य सरकार ने यूपी पुलिस और जेल विभाग की सीधी भर्ती 2025 के तहत निकलने वाली 32,679 रिक्तियों के लिए अधिकतम आयु सीमा में एक बार के लिए 3 साल की छूट देने का ऐलान किया है। यह फैसला मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर लिया गया है। सरकार के इस कदम से उन हजारों अभ्यर्थियों को सीधा फायदा मिलेगा, जो बीते कुछ वर्षों में भर्ती प्रक्रियाओं में देरी के कारण उम्र सीमा पार कर चुके थे। इस आयु छूट का लाभ सभी वर्गों के उम्मीदवारों को दिया जाएगा। भर्ती में आरक्षी नागरिक पुलिस, पीएसी, सशस्त्र पुलिस, विशेष सुरक्षा बल, महिला बटालियन, घुड़सवार पुलिस और जेल वार्डर (पुरुष व महिला) जैसे पद शामिल हैं।



इस संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार ने औपचारिक रूप से शासनादेश भी जारी कर दिया है। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि यह निर्णय पूरी तरह से अभ्यर्थियों के हितों को ध्यान में रखकर लिया गया है, ताकि किसी भी योग्य युवा को सिर्फ उम्र की वजह से मौका न गंवाना पड़े। सरकार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में स्पष्ट किया गया है कि यह छूट उत्तर प्रदेश लोक सेवा (भर्ती के लिए आयु सीमा का शिथिलीकरण) नियमावली-1992 के तहत नियम-3 के अंतर्गत दी जा रही है। यह छूट अपवाद स्वरूप केवल एक बार के लिए लागू होगी और सीधे तौर पर इस भर्ती प्रक्रिया तक सीमित रहेगी। दरअसल, पिछले कुछ सालों में पुलिस भर्ती प्रक्रियाएं समय पर पूरी नहीं हो सकीं। कोरोना काल, परीक्षा प्रक्रियाओं में देरी और प्रशासनिक कारणों से भर्तियां टलती रहीं। इसका सबसे बड़ा असर उन युवाओं पर पड़ा, जो सालों से दौड़, फिजिकल टैस्ट और लिखित परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। कई अभ्यर्थी सिर्फ उम्र सीमा पार होने के कारण आवेदन तक नहीं कर पाए। इस मुद्दे को लेकर राजनीतिक स्तर पर भी लगातार आवाज उठाई जा रही थी। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव समेत कई जनप्रतिनिधियों ने आयु सीमा में छूट की मांग की थी। वहीं भाजपा विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने भी मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर सामान्य वर्ग के युवाओं को राहत देने की अपील की थी।

### 40 लाख आवेदन की उम्मीद

प्रदेश सरकार के इस फैसले के बाद सिपाही और समकक्ष पदों पर भर्ती के लिए 10 लाख आवेदन अधिक आने की संभावना जताई जा रही है। इससे पहले करीब 30 लाख आवेदन आने की उम्मीद थी। यह आंकड़ा अब बढ़कर 40 लाख से अधिक हो सकता है। दो वर्ष पूर्व सिपाही के 60,244 पदों पर सीधी भर्ती के लिए 48 लाख आवेदन आए थे। तब राज्य सरकार ने कोरोना महामारी की वजह से अभ्यर्थियों को तीन वर्ष की छूट देने का फैसला भी लिया था।

प्रदर्शन करके बोलीं रसोइया संगठन की महिलायें हमारा आठ माह से रुका हुआ मानदेय दिलायें ( पेज 10 )



# खारी में युवक की गोली मारकर हत्या



## जंगल में मिली लाश, बंदूक पड़ी थी पास

**झालू ( चिंगारी )।** ग्राम खारी निवासी एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। युवक की लाश ग्राम खारी व गौसपुर के जंगल में पड़ी मिली। लाश के पास ही एक बंदूक पड़ी मिली। मृतक की पहचान खारी निवासी 38 वर्षीय इस्लामुद्दीन पुत्र शराफत अली के रूप में हुई। सीओ सिटी संग्राम सिंह मौके पर पहुंचे और स्थानीय पुलिस को आवश्यक निर्देश दिये।

जानकारी के मुताबिक खारी में वैल्डिंग का काम करने वाले इस्लामुद्दीन को तीन युवक कल शाम घर से बुलाकर ले गये थे। चौकी प्रभारी कुलदीप सिंह के अनुसार उन्हीं युवकों ने परिजनों को जानकारी दी कि इस्लामुद्दीन की लाश जंगल में पड़ी है। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। लाश के पास ही 12 बोर की बंदूक पड़ी मिली। मृतक के पेट में गोली लगी हुई थी।

इस्लामुद्दीन अपने पीछे पांच बच्चों को छोड़ गया है। उसकी बीवी तथा अन्य परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने उन युवकों की तलाश शुरू कर दी है, जो उसे बुलाकर ले गये थे। हत्या का कारण अभी पता नहीं चल सका। लाश को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

# रालोद नेता अशोक चौधरी की माता जी का निधन

बिजनौर/चांदपुर ( चिंगारी )। रालोद के प्रदेश महासचिव अशोक चौधरी एवं डा. सुभाष राणा ( ईएनटी ) की माता श्रीमती विद्यावती का बीती रात निधन हो गया। उनकी आयु लगभग ९8 वर्ष थी। श्रीमती विद्यावती के निधन की खबर सुनकर उनके ग्राम कौशल्या स्थित आवास पर शोक व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। आज दोपहर बिजनौर स्थित बैराज गंगा घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनकी शव यात्रा में सैकड़ों लोगों ने शिरकत की। रालोद के जिला महामंत्री डा. विपिन तोमर, हनी तोमर, मुंतजिर अहमद, शीशपाल राठी आदि ने वरिष्ठ रालोद नेता अशोक चौधरी की पूज्य माता जी के निधन पर गहरा शोक जताते हुए दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को यह दारुण दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। चिंगारी परिवार की ओर से हार्दिक शोक संवेदना।

नगर में पहली बार शुद्धता का युग परिवर्तन लेकर आये
SJ Siddharth Jewellers
गवर्नमेंट अप्रूव्ड
सिद्धार्थ ज्वैलर्स
गोल्ड टेस्टिंग मशीन
अपना पुराना सोने का आभूषण लायें, 100% शुद्धता की जांच कराएं



अन्य सेवाएं-
➤100 %गोल्ड ज्वैलरी एक्सचेंज सुविधा।
➤डायमण्ड ज्वैलरी पर 40 % तक की विशेष छूट (डायमण्ड वैल्यू पर)
➤22 KT एक्सक्लूसिव HUID हॉलमार्क ज्वैलरी
सदर बाजार, बिजनौर, मो. 7310695957

# विवेक विश्वविद्यालय में कल से राष्ट्रीय हैण्डबॉल चैम्पियनशिप का आयोजन

## देश के कई राज्यों की टीमें भाग लेंगी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** विवेक विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय हैंडबाल चैम्पपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है, जो कि 07 जनवरी 2026 से 10 जनवरी 2026 तक चलेगा। यह कार्यक्रम स्पीड हैंडबाल फेडेरेशन ऑफ इंडिया द्वारा स्पीड हैंडबाल एसोसिएशन उत्तर प्रदेश तथा विवेक विश्वविद्यालय बिजनौर के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।

खेल के आयोजन अध्यक्ष एवं विवेक विश्वविद्यालय के चेयरमैन अमित गोयल ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारम्भ जिला अधिकारी श्रीमती जसजीत कौर द्वारा किया जायेगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्पीड हैंडबाल चैम्पपियनशिप में पूरे भारत से उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, केरल, जम्मू कश्मीर, कर्नाटक, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, पंजाब, चंडीगढ़, उत्तरांचल, बिहार, गोआ, राजस्थान, तमिलनाडू, मध्य प्रदेश, हिमाचल से महिला एवं पुरुष वर्ग की लगभग 31 टीमें आज 06 जनवरी 2026 की शाम तक विवेक विश्वविद्यालय में पहुंच जायेंगी। उन्होंने बताया कि 10 जनवरी 2026 को विजेताओं को पुरस्कार वितरण कर समापन किया जायेगा।

सभी टीमों के लगभग 500 महिला-पुरुष खिलाड़ी विवेक विश्वविद्यालय के परिसर में रुकेंगे। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड से खिलाड़ियों को लाने ले-जाने हेतु महाविद्यालय की बसों का सुचारु रूप से संचालन किया जायेगा। परिसर में ही रात्रि विश्राम, खाने व रहने आदि की



उचित व्यवस्था की गयी है।

अमित गोयल ने बताया कि हमारा प्रयास बिजनौर को विश्वपटल पर अग्रणी स्थानों में लाने का रहा है, इसके लिये हम सदैव प्रयासरत हैं। आने वाले समय में बिजनौर को हर क्षेत्र में जाना पहचाना जाये इसके लिये हम सदैव प्रयासरत हैं।



कार बिकाऊ है
एक मारुति कार S CROSS, 2017 मॉडल अच्छी कंडीशन में शीघ्र बिकाऊ है।
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9457937407

**भली लगे या बुरी...**

## लोकतंत्र के नाम पर बर्बरता

कैसी विडम्बना है कि अमेरिका ने लोकतंत्र के नाम पर वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो को उनके आवास से बर्बरतापूर्वक उठा लिया गया। जो ट्रम्प खुद लोकतंत्र का दरोगा बना फिरता है, उसने खुद अलोकतांत्रिक तरीका अपनाया। इससे भी बड़ा अफसोस यह है कि सारी दुनिया ने यह जुल्म देखा लेकिन कोई भी देश अमेरिका की गुण्डागर्दी का विरोध करने के लिये सामने नहीं आया। जबकि डोनाल्ड ट्रम्प ने कई और देशों को भी ऐसा ही सबक सिखाने की खुली धमकी दी है। माना कि मादुरो तानाशाह है, लेकिन उसे हटाने का अधिकार वहां की जनता को है। अमेरिका कौन होता है दूसरे देश के राष्ट्राध्यक्ष को इस तरह उठाकर लाने वाला। क्या वह पूरी दुनिया का ठेकेदार है। ट्रम्प पहले खुद को लोकतांत्रिक मूल्यों का आदर करें, तब दूसरे देशों पर उंगली उठायें। संयुक्त राष्ट्र संघ की तो बात ही करना बेकार है, उसका काम तो अमेरिका और कुछ अन्य ताकतवर देशों की चाकरी करना रह गया है। अमेरिका ने अंतरराष्ट्रीय आतंक का प्रदर्शन करते हुए वेनेजुएला पर देर रात हमला कर उसके राष्ट्रपति निकोलस मादुरो व उनकी पत्नी को पकड़ लिया। मादुरो वेनेजुएला के निर्वाचित राष्ट्रपति होने के साथ स्वर्गीय ह्यूगो श्वेज के वैचारिक वारिस थे जिन्होंने वेनेजुएला की गरीब जनता के लिए व्यापक जन-कल्याण कार्यक्रमों के साथ ही दुनिया के गरीब देशों को सस्ता तेल देकर एक ऐसा विकास मॉडल पेश किया था जिसमें पेट्रोल व प्राकृतिक संसाधनों से प्राप्त धन का प्रयोग सारी दुनिया के लिए करने का आदर्श निहित था। ह्यूगो श्वेज ने अपने देश में 'विश्व सामाजिक मंच' का आयोजन कर दुनिया भर में पूंजीवाद-विरोधी विकास पर विमर्श को व्यापक रूप दिया था। श्वेज के निधन के बाद अमेरिका तथा अनेक पश्चिमी देशों के दबाव व आर्थिक प्रतिबंधों के बावजूद राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने उनकी नीतियों पर चलने का प्रयास किया था। वेनेजुएला उनके नेतृत्व में दुनिया के गरीब देशों तथा भारत समेत अनेक विकासशील देशों को सस्ता तेल देता था और इस प्रकार अमेरिकी तेल कंपनियों की आंख की किरकिरी बना हुआ था।

# ट्रम्प की दादागीरी!

**अमेरिका की सोच दूसरे देशों के संसाधनों पर कब्जा करने की रही है। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अमेरिका की सबसे बदनाम जेलों में से एक मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर में रखा गया है। इस जेल की हालत इतनी खराब मानी जाती रही है कि कुछ अमेरिकी जजों ने यहां कैदियों को भेजने से तक इनकार कर दिया था। यह जेल सन् 1990 के दशक में बनाई गई थी और यहां करीब 1,300 कैदी बंद हैं। आमतौर पर यह जेल उन लोगों के लिए इस्तेमाल होती है, जिनके खिलाफ न्यूयॉर्क की फेडरल अदालतों में मुकदमा चल रहा होता है।**



डॉ. श्रीगोपाल नारसन एड.

चीन ने अमेरिका से वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को तुरंत रिहा करने की मांग की है। दोनों इस समय अमेरिका की हिरासत में हैं। अमेरिकी सेना उन्हें वेनेजुएला की राजधानी काराकस से पकड़कर अमेरिका ले गई थी। चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि किसी देश के राष्ट्रपति को इस तरह अपने देश ले जाना गलत है। इस मुद्दे का हल बातचीत से होना चाहिए। इससे पहले भी चीन ने अमेरिका की कार्रवाई पर कड़ी प्रतिक्रिया दी थी। वहीं उत्तर कोरिया ने भी वेनेजुएला में अमेरिका की कार्रवाई को गुंडागर्दी बताया है। उत्तर कोरियाई विदेश मंत्रालय का कहना है कि अमेरिका की यह कार्रवाई किसी भी देश की आजादी और संप्रभुता पर किया गया सबसे गंभीर हमला है। आपको बता दें कि अमेरिकी सैनिकों ने 2 जनवरी की रात वेनेजुएला पर हमला कर राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस को अगवा कर लिया था। इसके बाद उन्हें न्यूयॉर्क लाया गया है, जहां उन्हें डिटेंशन सेंटर में रखा गया और फिर अमानवीय जेल में बंद कर दिया गया। उन पर अमेरिका में हथियार-ड्रग्स से जुड़े मामलों में मुकदमा चलाया जाएगा। वेनेजुएला के रक्षामंत्री व्लादिमीर पाद्रीनो लोपेज ने अमेरिका की कार्रवाई को लेकर कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प का राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को पकड़ने का फैसला सिर्फ वेनेजुएला के लिए नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की स्थिरता के लिए खतरा है। उन्होंने कहा कि यह कदम ग्लोबल ऑर्डर के लिए गंभीर चुनौती है।



उनका कहना है कि अगर आज ऐसा वेनेजुएला के साथ किया गया है, तो कल किसी भी देश के साथ ऐसा हो सकता है। उन्होंने इसे खतरनाक मिसाल बताया। वेनेजुएला के रक्षामंत्री ने अमेरिकी विदेश नीति की भी आलोचना की और कहा कि अमेरिका लैटिन अमेरिका और कैरेबियाई क्षेत्र में पुराने उपनिवेशवादी विचार थोपना चाहता है। वेनेजुएला इस सोच को पूरी तरह खारिज करता है। रूस के सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष दिमित्री मेदवेदेव ने वेनेजुएला में अमेरिका की कार्रवाई पर कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने जो कदम उठाए हैं, वे अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ हैं। अमेरिका, लैटिन अमेरिका को हमेशा से अपने प्रभाव वाला इलाका मानता रहा है। वेनेजुएला के मामले में भी अमेरिका की नजर वहां के तेल पर है। अमेरिका की सोच दूसरे देशों के संसाधनों पर कब्जा करने की रही है। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अमेरिका की सबसे बदनाम जेलों में से एक मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर में रखा गया है। इस जेल की हालत इतनी खराब मानी जाती रही है कि कुछ अमेरिकी जजों ने यहां कैदियों को भेजने से तक इनकार कर दिया था। यह जेल सन् 1990 के दशक में बनाई गई थी और यहां करीब 1,300 कैदी बंद हैं। आमतौर पर यह जेल उन लोगों के लिए इस्तेमाल होती है, जिनके खिलाफ न्यूयॉर्क की फेडरल अदालतों में मुकदमा चल रहा होता है। यहां गैंगस्टर और ड्रग तस्करों से लेकर सफेदपोश अपराधों के आरोपी तक रखे जाते हैं। मादुरो इस जेल में बंद होने वाले पहले विदेशी राष्ट्रपति नहीं हैं। इससे पहले होंडुरास के पूर्व राष्ट्रपति जुआन ऑरलैंडो हर्नांडेज को भी इसी जेल में रखा गया था, उन पर अमेरिका में कोकीन की तस्करी का मामला चला था। बाद में उन्हें 45 साल की सजा सुनाई गई थी, लेकिन दिसंबर में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उन्हें माफी देकर रिहा कर दिया। इस जेल में मेक्सिको के कुख्यात सिनालोआ ड्रग कार्टेल के फाउंडर इस्माइल एल मायो जाम्बाडा भी बंद हैं। इसके अलावा एक कारोबारी की हत्या के आरोपी लुइजी मैनजियोने भी यहीं कैद हैं। कैदियों और उनके वकीलों ने लंबे समय से यहां हिंसा, बदसलूकी और अव्यवस्था की शिकायतें की हैं। साल 2024 में दो कैदियों की हत्या दूसरे कैदियों ने यहां कर दी थी। कुछ जेलकर्मियों पर रिश्वत लेने और जेल के अंदर गैरकानूनी सामान पहुंचाने के आरोप भी लगे हैं। सन् 2019 की सर्दियों में यहां बिजली चली गई थी, जिससे यह जेल एक हफ्ते तक अंधेरे और ठंड में डूबी रही थी। ट्रंप ने वेनेजुएला के तेल पर कब्जा कर लिया है। ड्रग्स कारोबार की आड़ लेकर राष्ट्रपति मादुरो को बंधक बना लिया। उनकी पत्नी और मादुरो पर अमेरिका में मुकदमा चलेगा। अमेरिकी तेल व्यापारी अब वेनेजुएला की तमाम रिफाइनरी संभाल लेंगे। अमेरिका ने एक तरह से वेनेजुएला को गुलाम बना लिया है। हरिद्वार के वरिष्ठ पत्रकार कौशल सिखौला की माने तो वेनेजुएला के तेल पर निगाह रखने वाले ट्रंप के वेनेजुएला आने का खामियाजा भारत को भी उठाना पड़ेगा, जो वेनेजुएला से खासे पैमाने पर तेल खरीदता है। ट्रंप की इस कार्रवाई की रूस और चीन सहित दुनियाभर के अनेक देशों ने निंदा की है, लेकिन भारत ने अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। ट्रंप की इस कार्रवाई का अंतरराष्ट्रीय प्रभाव पड़ेगा। उनकी माने तो ट्रम्प अब अपने ही अमेरिकी देश मेक्सिको को निशाना बनाने की तैयारी में है।

उनके शब्दों में, अमेरिका की जो मंशा है वह चीन की हुआ करती है। चीन तमाम पड़ौसियों को हड़पना चाहता है। नया साल लगते ही तेल के लिए अमेरिका ने धावा बोल दिया। यहां याद रखिए कि वेनेजुएला से कच्चे तेल और एल्यूमिनियम का भारत बहुत बड़ा खरीदार है, तो क्या अमेरिका यहां भी भारत को चोट देना चाहता है? कहां तो ट्रंप पूरी दुनिया को शान्ति का संदेश दे रहे थे और कहां पड़ोसियों को अशांत कर दिया, खुद भी अशांत हो गए। ट्रंप की मंशा खोमेनई और किम जोंग को भी इसी तरह उठाने की है। कनाडा से भी ट्रंप खासे खफा हैं। समझ नहीं आता कि ट्रंप मानसिक रूप से ठीक हैं या पूरी तरह हिल गए हैं? इस घटना के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति के तेवर अभी और तल्ख होने बाकी हैं। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मानवाधिकार उल्लंघन व हठधर्मिता का यह मामला पूरी दुनिया देख रही है, जिसे लेकर दुनिया के अन्य देशों को विरोध के स्वर बुलंद करने चाहिए।

**( लेखक ज्वलंत मुद्दों के जानकार वरिष्ठ पत्रकार हैं )**

## देवी मां की कृपा

**प्रेरक-प्रसंग**

श्रीहरिव्यासदेव जी निंबार्क संप्रदाय के महान संत थे। भक्तमाल में उनके संबंध में एक प्रभावशाली वृत्तांत वर्णित है। एक बार वह अपने सैकड़ों विद्वान शिष्यों के साथ भगवद्भक्ति रूपी अलौकिक रस की वर्षा करते हुए पंजाब प्रांत के गढ़यावल गांव में पहुंचे थे। गांव के बाहर उपवन में देवी का एक मठ था, वहां राजा की ओर से सैकड़ों बकरे बलिदान के लिए बंधे थे। निरीह पशुओं की यह दयनीय दशा देखकर स्वामी जी की आंखों में आंसू आ गए। वे सभी शिष्यों सहित वहां से चल पड़े। रात को राजा ने स्वप्न में देखा कि देवी मां भयंकर रूप धारण कर उसके सामने खड़ी हैं और डांटकर कह रही हैं, 'दुष्ट! तूने मेरे नाम पर जो क्रूर कर्म शुरू किया है, उससे आज एक भक्त का चित्त दुखी हुआ है। अत: उन सभी बकरों को खोल दो और फिर ऐसा कर्म न करने की प्रतिज्ञा लो। साथ ही श्रीहरिव्यासदेव से क्षमा मांगो।' राजा घबराकर उठा और तुरंत स्वामी जी के पास पहुंचकर उनके चरणों में गिरकर क्षमा मांगी। श्रीहरिव्यासदेव जी ने उसे दीक्षा प्रदान की और कहा कि जीवन में सभी प्राणियों के प्रति प्रेमभाव रखो और यही भगवान की भक्ति है। कहते हैं, उस स्थान पर आज भी वैष्णवदेवी का सुप्रसिद्ध मंदिर है। वहां उस समय से आज तक जीव-बलिदान नहीं होता। देवी मां की कृपा से वह क्षेत्र भक्ति का केन्द्र बना।

# जिलाधिकारी से मिला सपा का प्रतिनिधिमंडल

## एएसडी सूची में खामियों से अवगत कराया



**बिजनौर (चिंगारी)।** सोमवार को समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल नूरपुर के विधायक रामअवतार सैनी एवं जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन के नेतृत्व में जिलाधिकारी से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के अंतर्गत मतदाता सूची में सामने आ रही गंभीर अनियमितताओं एवं एएसडी सूची से जुड़ी व्यापक खामियों को जिलाधिकारी के समक्ष रखा।

प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि ड्राफ्ट मतदाता सूची के प्रकाशन से पूर्व ही बीएलओ के पास त्रुटिपूर्ण सूचियां भेजी जा रही हैं, जिनमें बड़ी संख्या में जीवित मतदाताओं को मृतक दर्शा दिया गया है। इसके अतिरिक्त बताया गया कि शादी के बाद अपने ससुराल में निवास कर रहीं महिलाओं को गलत तरीके से बेटी दर्शाकर यहां से शादी हो जाने का आधार बनाते हुए एएसडी सूची में शामिल किया जा रहा है, जिससे उनके मताधिकार पर सीधा असर पड़ रहा है।

नूरपुर के विधायक रामअवतार सैनी ने कहा कि इस प्रकार की लापरवाही लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए बेहद चिंताजनक है और इससे आम नागरिकों का चुनावी प्रक्रिया से विश्वास उठ सकता है। वहीं जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने कहा कि यदि समय रहते इन त्रुटियों का सुधार नहीं किया गया तो बड़ी संख्या में पात्र मतदाता अपने संवैधानिक अधिकार से वंचित हो सकते हैं। प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से मांग की कि एएसडी सूची की पुन: गहन जांच कराई जाए, बीएलओ द्वारा की गई गलत प्रविष्टियों की जिम्मेदारी तय की जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से बाहर न रहे। जिलाधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पूरे प्रकरण की जांच कराई जाएगी और सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये जाएंगे कि पात्र मतदाताओं के नाम किसी भी स्थिति में सूची से न हटने पाएं।

प्रतिनिधिमंडल में नूरपुर विधायक रामअवतार सैनी एवं जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन के अलावा सतपाल सिंह, नसीम प्रधान, अखलाक पप्पू एवं अहमद खिज़्र खान भी शामिल रहे।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

# जिलाधिकारी के ओएसडी के.के. सिंह को मातृशोक

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी के ओएसडी के.के. सिंह एवं संघ के नगर कार्यवाह दीपक कुमार की माता जी श्रीमती कृष्णा देवी का 82 वर्ष की आयु में रविवार को निधन हो गया। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार श्रीमती कृष्णा देवी के ब्रेन हेमरेज होने पर नगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान रविवार की अपरान्ह लगभग एक बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। सायं को गंगा बैराज घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। स्व. कृष्णा देवी अपने पीछे तीन पुत्रों सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गईं। श्रीमती कृष्णा देवी एक धर्मपरायण एवं कुशल गृहिणी थीं। चिंगारी परिवार दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार को यह दारूण दु:ख सहन करने की परमपिता से प्रार्थना करता है।

# जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मनायेंगे मायावती का जन्मदिन

**बिजनौर (चिंगारी)।** पार्टी सुप्रीमो कुमारी मायावती का जन्मदिन 15 जनवरी को मुरादाबाद में मंडल स्तर पर जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इसके लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। सोमवार को पार्टी कार्यालय में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक हुई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य मंडल प्रभारी विजय सिंह और नाजिम अहमद अल्वी का कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से स्वागत किया। मुख्य मंडल प्रभारी विजय सिंह ने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना जरूरी है। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रोहिताश सिंह व संचालन विधानसभा प्रभारी ब्रह्मपाल सिंह ने किया। बैठक में जिला प्रभारी डा. राकेश कुमार, मंडल प्रभारी नंदराम प्रजापति, समर सिंह, अजय कुमार सागर, पूर्व जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार हितेषी, कविराज सिंह आदि मौजूद रहे।



# टीम ने खादर में भूमि की पैमाइश की

**नांगल सोती (चिंगारी)।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) द्वारा खादर क्षेत्र के किसानों के उत्पीड़न तथा दर्ज कराये गये मुकदमों के विरोध में पिछले कई दिनों से डीएफओ कार्यालय नजीबाबाद पर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है। सोमवार को वन विभाग एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने खादर क्षेत्र में पहुंचकर खसरा नंबर 253 में भूमि की पैमाइश की। टीम द्वारा बताया गया कि अभी आगे भी पैमाइश की जायेगी। वन विभाग की राजगढ़ रेंज के रेंजर विजेन्द्र प्रताप सिंह, सर्वे अमीन राजीव लोचन, सर्वेयर मौ. फविशान एवं अन्य वनकर्मी तथा राजस्व विभाग से राजस्व निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह व अरुण काम्बोज, लेखपाल लेशवन्त, नूर एन. अली, सुभाषचन्द व सत्यनारायण मौजूद रहे। खादर क्षेत्र के वे गरीब किसान प्रशासन की ओर आशाभरी नजरों से देख रहे हैं, जिनके पास अपनी भूमि के कागजात मौजूद हैं, मगर फिर भी उन्हें उनकी कृषि भूमि नहीं मिल रही है।



खादर में नक्शा देखते राजस्व एवं वन विभाग की संयुक्त टीम के सदस्य

# 'माटी' संस्था ने गांवों में चलाया डिजिटल जागरूकता अभियान

**नांगल सोती (चिंगारी)।** ग्रामीण क्षेत्रों को डिजिटल रूप से सशक्त एवं सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से 'माटी' संस्था द्वारा विभिन्न गांवों में डिजिटल जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।

माटी संस्था की निदेशक एवं वैज्ञानिक डा. अंकिता राजपूत ने बताया कि यह अभियान डिजिटल कृषि तकनीक, वित्तीय साक्षरता, निवेशक संरक्षण तथा डिजिटल जालसाजी से बचाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर केन्द्रित है। जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम जनता विशेषकर किसानों, महिलाओं और युवाओं को आधुनिक डिजिटल तकनीकों के सही एवं सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक करना है।

सोमवार को मोहम्मदपुर देवमल ब्लॉक के आदमपुर, औरंगपुर तारा, झलरी, सुंदरपुर उर्फ कासमपुर कृपाराम, फरीदपुर संतारु एवं बांकपुर गांवों में जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। माटी संस्था की ओर से आये विषय विशेषज्ञों ने किसानों को खेती-किसानी में हो रहे डिजिटल नवाचारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसमें डिजिटल कृषि ऐप्स, ऑनलाइन सेवाओं, डिजिटल भुगतान प्रणाली, सरकारी कृषि पोर्टल, फसल बीमा, बाजार से जुड़ाव और तकनीक आधारित खेती के लाभों को सरल भाषा में समझाया गया।



माटी संस्था के साइबर विशेषज्ञ अनिल कुमार ने डिजिटल जालसाजी और साइबर अपराध जैसे मुद्दों पर लोगों को जागरूक करते हुए फर्जी कॉल, लिंक, ओटीपी धोखाधड़ी, सोशल मीडिया फ्रॉड, ऑनलाइन निवेश ठगी एवं बैंकिंग जालसाजी के बारे में बताया। उन्होंने सलाह दी कि किसी भी अनजान कॉल, संदेश या लिंक पर भरोसा न करें और सतर्क रहकर डिजिटल सेवाओं का उपयोग करें। माटी संस्था की निदेशक डा. अंकिता ने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम ग्रामीण समाज को डिजिटल रूप से सक्षम, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे।

# अंकिता भण्डारी केस : सरकार के कानों पर जूं नहीं रेंग रही

**नरेश गुप्ता**

**देहरादून ( चिंगारी )।** उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी मर्डर केस तूल पकड़ता जा रहा है। बीजेपी के भी काफी लोग अब अंकिता भंडारी केस की सीबीआई जांच की खुले आम मांग करने लगे हैं, लेकिन सरकार के कानों पर जून नहीं रेंग रही है।




अंकिता भंडारी का फाइल फोटो

उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व बीजेपी के वरिष्ठ नेता तीरथ सिंह व हरिद्वार से सांसद व राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत अंकिता प्रकरण की जांच की मांग करते हुए, दोषियों को सजा दिलाने की मांग कर चुके है, जबकी महिलाएं सड़कों पर उतर कर धरने प्रदर्शन कर रही है।

उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी 2022 में एक रिसॉर्ट में नौकरी करने के लिए आई थी। इस रिसोर्ट के मालिक बीजेपी के नेता होने के साथ-साथ राज्य के दर्जाधारी मंत्री थे। इस रिसोर्ट में उत्तराखंड ही नहीं, दिल्ली तक के वीवीआइपीओं को विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई जाया करती थी। इन विशेष सुविधाओं के लिए कभी-कभी अंकिता भंडारी को भी इस्तेमाल किया जाता था। दादा की उम्र के वीवीआईपी के साथ अंकिता भंड़ारी ने हम बिस्तर होने से मना किया तो उसकी हत्या कर दी गई। अंकित भंडारी की हत्या के बाद रिसोर्ट के एक कमरे को बुलडोजर से रातों-रात तोड़ दिया गया। यह मामला उस समय तो जैसे तैसे ठंडा पड़ गया था, और दर्जाधारी राज्य मंत्री के दोनों पुत्रों जो बिल्कुल निरंकुश और बेलगाम हो चुके थे, सहित तीन आरोपियों को भेज दिया गया था। तीन साल बाद अंकिता भंड़ारी प्रकरण पुनः सुर्खियों में है, जिसके पीछे बीजेपी के एक पूर्व विधायक ही हैं।

यह मामला अभी 15 दिन पहले उस समय सुर्खियों में आया, जब भारतीय जनता पार्टी के हरिद्वार के ज्वालापुर सीट से विधायक रह चुके सुरेश राठौड़ व उनकी अपने आप को पत्नी बताने वाली उर्मिला नाम की महिला के साथ ऑडियो और वीडियो में अभद्र भाषा में वरिष्ठ बीजेपी व संघ नेता के बारे में हुई बातों का प्रसारण देश के तमाम लोगों ने देखा। खासकर उत्तराखंड की जनता में तो सभी लोगों ने इस ऑडियो वीडियो को देखा है। और लोगों के पास यह ऑडियो वीडियो सुरक्षित भी हैं। लेकिन राज्य की पुलिस या प्रशासन के पास यह वीडियो नहीं है। उत्तराखंड राज्य के मंत्री सुबोध उनियाल, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भट्ट जी पक्के सबूत मांग रहे हैं। और यह पक्के सबूत उन लोगों से मांगे जा रहे हैं, जो धरने प्रदर्शन कर रहे हैं। पक्के सबूत सुरेश राठौड़ व उर्मिला ही दे सकते हैं या अंकिता भंड़ारी भी सबूत दे सकती थी, जो अब इस दुनिया में नहीं है। पक्के सबूत उस व्यक्ति से मांगे जाने चाहिए, जिस व्यक्ति ने यह सारे आरोप गट्टू-पट्टू और सत्तू पर लगाए हैं। यह सबूत हैं भाजपा के पूर्व विधायक सुरेश राठौड़ के पास ,उसी ने तो ये रायता फैलाया है। सुरेश राठौड़ से ना तो कोई सवाल किया जा रहा है, ना कोई उसके बारे में कोई बात की जा रही है। जबकि यह पूरा किया धरा सुरेश राठौड़ का है। सुरेश राठौड़ का फिलहाल कुछ अता-पता नहीं है कि वह कहां है। और उर्मिला को भी पुलिस ढूंढ रही है। इस प्रकरण की सच्चाई तक पहुंचने के लिए एसआईटी गठित की गई है, लेकिन एसआईटी को भी इसमें ज्यादा कुछ नहीं मिल रहा है। केवल एक अनजान से व्यक्ति का नाम एसआईटी को मिला है, जो उस दौरान रिजॉर्ट आया था। अब भगवान जाने कि उस रिसोर्ट में उस दिन क्या हुआ था।



उर्मिला सुरेश राठौर

### 2027 के चुनाव में खमियाजा बीजेपी को उठाना पड़ेगा

**2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में बीजेपी को अंकिता प्रकरण का खामियाजा निश्चित भुगतना पड़ेगा। उसके बावजूद बीजेपी के शीर्ष नेताओं और राज्य के मुख्यमंत्री ने चुप्पी साध रखी है। इस चुप्पी का करण आम जनता की समझ में आ रहा है। सुरेश राठौड़ का दावा तो यहां तक है कि पार्टी के जिस वरिष्ठ नेता का नाम अंकिता प्रकरण में आ रहा है, उस पर एक नहीं, ऐसे सात मामले हैं, जो हाई कमान की नालिज में है।**

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

## सुन मां अंजनी के लाला मुझे तेरा एक सहारा..



**धामपुर ( चिंगारी )।** मौहल्ला बाड़वान में होली चौक के निकट सुशील रस्तोगी के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सामूहिक रूप से सात बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। भजन सुन मां अंजनी के लाला मुझे तेरा एक सहारा, अब मुझे अपनी शरण में ले लो मैं बालक हूं दुखियारा.. यह भजन सबको खूब पसंद आया। अंत में आयोजक परिवार को श्री राम दरबार का चित्र भेंटकर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में अनिल रस्तौगी, सुशील रस्तौगी, सोमवती रस्तौगी, मनीष खन्ना, विशाल, कृति रस्तौगी, सिद्धि रस्तौगी, रिद्धि रस्तौगी, ओमप्रकाश आचार्य, कार्तिक आदि शामिल रहे। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल से मनोज रस्तौगी, प्रीतम सैनी, संदीप शर्मा, राम प्रकाश वर्मा, संजीव भारद्वाज, विजय शर्मा, नंदकिशोर रस्तौगी, आदि शामिल रहे।

# पावन प्रकाश पर्व के समापन पर हुआ सम्मान समारोह



धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता व नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रवि चौधरी को सम्मानित करते हुए सिख संगत।

**धामपुर ( चिंगारी )।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में आयोजित गुरुवाणी कीर्तन दरबार तथा गुरमत समागम के साथ गुरु घर में चल रहे दशमेश गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 359वें पावन प्रकाश पर्व का समापन हो गया। इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता एवं कारखाना महाप्रबंधक विजय कुमार गुप्ता, नगर पालिका परिषद धामपुर के अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह, नगर कल्याण समिति के अध्यक्ष लाला नरेंद्र कुमार गुप्ता, महामंत्री अब्दुल बारी,महिला शिक्षा सभा के अध्यक्ष विजय कुमार को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त धामपुर में निकाले गए ऐतिहासिक नगर कीर्तन में योगदान देने वाले गुरु घर के सेवकों एवं सेविकाओं को भी प्रोत्साहन स्वरूप सम्मान प्रदान किया गया।

### अखंड पाठ का समापन हुआ

**गुरुद्वारा के दीवान हाल में आयोजित समारोह का शुभारंभ स्वर्गीय सरदार जगत सिंह सलूजा, माता शांति रानी सलूजा के परिवार की ओर से चल रहे श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के तीन दिवसीय अखंड पाठ को पूर्णता दिलाते हुए किया गया। इस अखंड पाठ में उत्तर प्रदेश पंजाबी संगठन के अध्यक्ष सरदार देवेंद्र सिंह सलूजा एवं बीवी मनजीत कौर सलूजा, समाजसेवी सरदार हरभजन सिंह सलूजा मिनिस्टर एवं बीवी अमरजीत कौर सलूजा, जिला गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी एवं पंजाबी समाज के जिला अध्यक्ष सरदार सतवंत सिंह सलूजा एवं पूर्व सभासद बीबी जगमीत कौर सलूजा, सरदार अमनदीप सिंह सलूजा एवं बीबी कुलमीत कौर सलूजा का निष्ठापूर्ण योगदान रहा । शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अमृतसर की धर्म प्रचार कमेटी से पधारे गुरुवाणी प्रचारक ज्ञानी सतवंत सिंह खालसा, गुरु महाराज के वजीर ज्ञानी रघुवीर सिंह के अलावा भाई बेअंत सिंह जी करेरा वालों के रागी जत्थे ने दशमेश पिता साहिब श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला।**

### 25 वर्षों से निरंतर लंगर की सेवा करने वाले मोगा परिवार को किया सम्मानित

इस अवसर पर गुरु घर में समूची संगत के लिए लंगर की जीवन पर्यंत सेवा करने वाले स्वर्गीय सरदार रणजीत सिंह मोगा, स्वर्गीय माता प्रीतम कौर मोगा द्वारा 25 वर्ष पूर्व प्रारंभ की गई परंपरा को आगे बढाते हुए सरदार तेजेंद्र सिंह मोगा, सरदार देवेंद्र सिंह मोगा, सरदार कुलदीप सिंह मोगा, सरदार सुरेंद्र सिंह मोगा, सरदार सिमरनजीत सिंह मोगा, सरदार हर्षदीप सिंह मोगा की ओर से विभिन्न स्थानों से पहुंची संगत के लिए 25 वें विशाल लंगर का आयोजन किया गया।

### इन्हें भी सम्मानित किया

**सम्मानित होने वालों में भारतीय जनता पार्टी के धामपुर मंडल उपाध्यक्ष सरदार सतमीत सिंह मनी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक अनिल कुमार ग्रोवर, संघ के पर्यावरण विभाग के जिला संयोजक पराग गुप्ता, पूर्व पालिका सभासद राजीव कुमार छाबड़ा, वरिष्ठ रोटेरियन एसपी सलूजा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के संगठन मंत्री सरदार मनजीत सिंह सलूजा साधक, भाजपा नेता गौरव पोशवाल, यू शाइन के संस्थापक हाजी नौशाद अहमद, पश्चिम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष जावेद रहमान शमसी आदि भी शामिल रहे।**

### इनकी उपस्थिति रही

गुरुद्वारा की प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट, सचिव सरदार गुरुचरण सिंह चावला, सरदार त्रिलोचन सिंह चावला, सरदार सुरेंद्र सिंह हुड्डा, सरदार रविंद्र सिंह सीडाना, सरदार तनप्रीत सिंह मोगा, डॉक्टर अमरजीत सिंह चावला, सरदार गुरदीप सिंह चावला रोमी, पूर्व पालिका सभासद सरदार जसप्रीत सिंह रॉकी, सरदार तरजीत सिंह मोगा, सरदार बुध सिंह चावला, सरदार गगनदीप सिंह चावला, सरदार बलविंदर सिंह चावला मिंटू, सरदार गुरमीत सिंह गांधी राजू, सरदार बलजीत सिंह गांधी जोगा, सरदार इंद्रपाल सिंह छाबड़ा, सरदार गुरशरण सिंह मोहन, सरदार हरपाल सिंह चावला, गुलशन लाल छाबड़ा, सरदार मनप्रीत सिंह सलूजा, प्रिंस सलूजा, रणजीत सिंह चावला, सरदार चरनप्रीत सिंह चावला, सरदार अमरजीत सिंह सीडाना, सरदार जसविंदर सिंह सीडाना, सरदार भूपेंद्र सिंह सीडाना, जत्थेदार महेंद्र कौर खालसा, जत्थेदार अमनप्रीत कौर सीडाना, बीबी सुरेंद्र कौर अरोड़ा, बीबी जसपाल कौर, बीबी शैलप्रीत कौर, बीबी तनप्रीत कौर मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन गुरुद्वारे के सचिव सरदार गुरुचरण सिंह चावला ने किया। गुरुद्वारे के प्रधान सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# यदि मां-बाप का करोगे सम्मान तो मनोकामना पूरी करेंगे भगवान

**नहटौर (चिंगारी)।** मां चामुंडा धाम पर चल रही श्रीराम कथा के तीसरे दिन कथा व्यास राजकुमार सुदर्शन ने कहा कि मन से मांगी गई इच्छा हमेशा पूरी होती है। मां-बाप का सम्मान करना सबसे बड़ी भगवान की आराधना है। सोमवार को आयोजित श्रीराम कथा के तीसरे दिन कथा व्यास राजकुमार सुदर्शन ने कहा कि माता-पिता का स्थान सबसे बड़ा है। भगवान श्रीराम ने माता के आदेश को सर्वोपरि मानते हुए, बिना लालच-लोभ के राजपाट को त्याग कर वन जाना, मां की आज्ञा का पालन करना अपना धर्म समझा। इस धर्म का पालन करते हुए 14 वर्ष के लिए बनवास चले गए। मनुष्य को भगवान की आराधना के साथ-साथ सबसे पहले अपने माता-पिता का सम्मान करना चाहिए। भगवान की पूजा से पहले माता-पिता की पूजा महत्व है। उन्होंने बताया कि सच्चे मन से मांगी गई मनोकामना उसी समय पूरी होती है, जब भगवान को लगता है कि मांगी गई मनोकामना सच्ची आराधना है। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीराम आदर्श मर्यादा पुरुषोत्तम राम के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल में अपनी मर्यादा को ध्यान रखते हुए कार्य किया। इस अवसर पर डॉ. शशांक गौतम, मोहित भारद्वाज, वैभव गोयल, प्रशांत वर्मा, अमन वर्मा, अशोक चंद्र, राकेश अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, मुकेश गुप्ता, अनिल सैनी, राहुल चौधरी आदि महिला-पुरुष कथा में शामिल रहे।



# नगर पालिका अध्यक्ष के आवास पर मनाई गई सावित्रीबाई फुले की जयंती



माता सावित्रीबाई जयंती कार्यक्रम में उपस्थित पालिकाध्यक्ष श्रीमती विमला देवी व अन्य सैनी समाज के लोग

**हल्दौर (चिंगारी)।** नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती विमला देवी के आवास पर माता सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई गई, जिसमें काफी संख्या में सैनी समाज के लोगों ने भाग लिया। सोमवार की पालिकाध्यक्ष के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने माता सावित्रीबाई फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धापूर्वक उनकी जयंती मनाई। इस मौके पर चेयरपर्सन पति दीपक सैनी, चरण सैनी, चंद्रपाल सिंह सैनी, जसवंत सैनी, रमेश सैनी, सूरज सिंह सैनी, मोहित कुमार सैनी, ब्रह्मपाल सिंह सैनी, रामपाल सिंह सैनी, बल्ले सिंह सैनी, मगन सिंह सैनी, राजेश सिंह सैनी, रतिराम सिंह सैनी, महिपाल सिंह सैनी, रमाशंकर सैनी, डॉ. पंकज सैनी व राजपाल सिंह सैनी आदि मौजूद रहे।

# बार काउंसिल के चुनाव की सरगर्मियां तेज

**बिजनौर में 16 व 17 जनवरी को होगा मतदान**

**बिजनौर (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के चुनाव की सरगर्मियां तेज हो गई हैं। चार चरणों में होने वाले चुनाव के लिए प्रत्याशी अधिवक्ताओं से सम्पर्क करने में व्यस्त हैं। बिजनौर जनपद में प्रथम चरण में 16 व 17 जनवरी को मतदान होगा। उ.प्र. बार काउंसिल के पूर्व चेयरमैन व वर्तमान में पुन: प्रत्याशी बलवंत सिंह एडवोकेट ने बताया कि मतदान का पहला चरण 16 जनवरी से शुरू होगा, जबकि अंतिम चरण 30 और 31 जनवरी को होगा। बिजनौर जिला जजी परिसर में 16 व 17 जनवरी को प्रात: 10 से सायं पांच बजे तक मतदान होगा। इसके अलावा जनपद के मुंसफी मुख्यालय नगीना नजीबाबाद व चांदपुर में भी अधिवक्ता मतदान कर सकेंगे। मतदान के बाद सभी जिलों की मतपेटियां तीन फरवरी 2026 तक बार काउंसिल को सौंप दी जाएंगी। उ.प्र. बार काउंसिल में आठवीं बार चुनाव लड़ रहे बाबू बलवंत सिंह एडवोकेट ने सभी अधिवक्ताओं से मतदान अवश्य करने का अनुरोध करते हुए प्रथम वरीयता का मत देने की अपील की है।

# सड़क हादसे में दो महिला सीएचओ घायल

**नहटौर (चिंगारी)।** नूरपुर रोड पर सोमवार को हुए सड़क हादसे में स्कूटी सवार दो सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) घायल हो गईं, जिनमें से एक को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज रैफर किया गया। मोहल्ला रिलायंस कॉलोनी निवासी निवेदिता (25 वर्ष) पुत्री अमरीश क्षेत्र के ग्राम खंडसाल तथा प्रीति (25 वर्ष) पुत्री ब्रजपाल सिंह अखाड़ा स्थित उपकेंद्र पर सीएचओ के पद पर तैनात हैं। सोमवार को दोनों एक ही स्कूटी से अपने-अपने केंद्रों पर जा रही थीं। नूरपुर रोड पर समसपुर भट्टे के पास अचानक सामने आए कुत्ते से स्कूटी टकरा गई, जिससे दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गईं। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। प्रीति की हालत गंभीर देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज रैफर कर दिया गया, जबकि निवेदिता का उपचार सीएचसी पर किया गया।

# खनन में लगे पांच वाहन सीज़ किये

**बिजनौर (चिंगारी)।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन गौरी शंकर ठाकुर ने सड़क सुरक्षा माह के दौरान वाहन चालकों और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। साथ ही खनन में लगे पांच वाहनों को सीज किया। सोमवार को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन गौरीशंकर ठाकुर ने सड़क सुरक्षा माह के दौरान जागरूकता अभियान चलाया। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं में शून्य मृत्यु के लक्ष्य को लेकर लोगों को नियमों का पालन करने की अपील की तथा सड़क सुरक्षा से संबंधित पम्पलेट वितरित किए। अभियान के दौरान हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवरलोडिंग और तेज गति से वाहन चलाने से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही एआरटीओ प्रवर्तन गौरी शंकर सिंह द्वारा नजीबाबाद क्षेत्र में खनन सामग्री परिवहन में लगे वाहनों की सघन चैकिंग की गई। मानकों के अनुरूप न पाए जाने पर पांच वाहनों को सीज किया गया।



# कुष्ठ आश्रम में कंबल, गौशाला में चारा दिया



**बिजनौर (चिंगारी)।** सोमवार को निदेशक स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग प्रयागराज की अध्यक्षता में विभाग के शताब्दी वर्ष के अवसर पर जिला बिजनौर का दौरा किया गया, जहां सबसे पहले कुष्ठ आश्रम में भोजन सामग्री और कंबल वितरण किया गया। तत्पश्चात नगर पालिका परिषद स्थित कान्हा गौशाला में भूसा और हरे चारे का सहयोग दिया व गौशाला का निरीक्षण भी किया। साथ ही नगर पालिका परिषद बिजनौर स्थित लाइब्रेरी हेतु प्रतियोगी छात्र-छात्राओं हेतु किताब, मैप इत्यादि उपलब्ध कराये गये। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में अनिल कुमार सोनी निदेशक स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग प्रयागराज, विशिष्ट अतिथि रीतू रानी उपजिलाधिकारी सदर बिजनौर, शुभम सिंह ज़िला लेखा परीक्षा अधिकारी बिजनौर, सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी वीरेंद्र कुमार, कमला शंकर, वरिष्ठ लेखा परीक्षक मुरारीलाल शर्मा, वरिष्ठ सहायक अजयमणि त्रिपाठी व अरुण कुमार उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी महिलाओं को प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र बांटे

**हल्दौर (चिंगारी)।** सात दिवसीय प्रशिक्षण समाप्ति पर प्रशिक्षु महिला आंगनबाड़ियों को अतिथि अधिकारियों द्वारा प्रमाण-पत्र वितरित किये गये। ग्राम्य विकास विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा जनपद की अनेक महिला आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सात दिवसीय प्रशिक्षण ग्राम्य विकास संस्थान हल्दौर पर दिया गया। संस्थान पर अलग-अलग बैच में चल रहे इस सात-सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में बीते 29 दिसंबर से जारी बैच के प्रशिक्षण का समापन हुआ। समापन के अवसर पर प्रशिक्षु महिला आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. अजीत कुमार व अन्य अधिकारियों द्वारा प्रमाण-पत्र वितरित किए गए और उनसे प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान के आधार पर अपनी जिम्मेदारियों को ईमानदारी से बखूबी निभाने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर डीसी रविकांत, सीडीपीओ नजीबाबाद सतीश कुमार, सीडीपीओ कोतवाली अभिषेक कुमार, डीआरपी बबली, शीतल राज, धर्मेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।



आंगनबाड़ी प्रशिक्षण के उपरांत प्रतिभागी को प्रमाण-पत्र देते

# इस अस्पताल को पुनः संचालित किया जाये

मुहम्मद अजमल


**चांदपुर ( चिंगारी )। एक समय था जब दवाई लेने के लिए ब्रिटिश कालीन जिला परिषद अस्पताल में लोगों की भीड़ लगी रहती थी, आज वही अस्पताल खंडहर व कूड़ेदान बन चुका है। नगरवासी चाहते हैं कि इस अस्पताल को सही कराकर इसमें चिकित्सक की तैनाती की जाये, ताकि नगरवासियों को इसका लाभ मिल सके।**



जिला परिषद अस्पताल का जीर्ण-क्षीर्ण भवन।

नगर के मुहल्ला पतियापाड़ा स्थित अस्पताल जिला परिषद द्वारा संचालित होता था। दवाई लेने के लिए अस्पताल में लोगों की भारी भीड़ लगी रहती थी, जहां इस अस्पताल में दुर्घटनाओं में घायल होने वालों का उपचार किया जाता था, वहीं पुलिस द्वारा अभियुक्त का मेडिकल भी यहीं होता था। अस्पताल में रोगियों को भर्ती करने के लिए वार्ड भी बने हुए थे। इन वार्डो में वर्तमान में महिला थाना संचालित हो रहा है। इतना ही नहीं अस्पताल के सामने ही डाक्टर का आवास भी था, आवश्यकता पड़ने पर डाक्टर साहब तुरंत अस्पताल आ जाते थे, लेकिन रखरखाव के अभाव में अस्पताल धीरे-धीरे खंडहर में तब्दील होने लगा, और कूड़ा घर बनकर रह गया। नगरवासी पिछले लम्बे समय से अस्पताल को पुनः संचालित किए जाने की मांग करते आ रहे हैं।

## परमीशन मिले, तो चिकित्सक का खर्च वहन करेंगे- ज्ञान वर्मा



**प्रेरणा परिवार के संस्थापक एवं समाजसेवी ज्ञानप्रकाश वर्मा का कहना है कि उन्होंने अस्पताल को संचालित कराये जाने के अनेक बार सम्बंधित अधिकारियों को पत्र लिखे। उन्होंने कहा कि यदि जनहित को ध्यान में रखकर अस्पताल में चिकित्सक रखने की परमीशन मिल जाए तो प्रेरणा परिवार चिकित्सक का खर्च वहन करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि वे इस सम्बन्ध में उच्च अधिकारियों से भी मिलेंगे, ताकि खंडहर बन चुके अस्पताल में पुनः चिकित्सा कार्य शुरू हो सके।**

## अस्पताल को पुनः संचालित किया जाए



आरटीआई कार्यकर्ता वीरेन्द्र राजपूत का कहना है कि नगर की आबादी के लिहाज से सीएचसी स्याऊ रोगियों के लिए पर्याप्त नहीं है, ऐसे में नगर के बीच में स्थित जिला परिषद के अस्पताल की मरम्मत व साफ सफाई कराकर तथा अस्पताल में चिकित्सक की नियुक्ति कर इसको पुनः संचालित कराया जाए, ताकि लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सके।

## वे डॉक्टर आज भी आते हैं याद

**लगभग 4 दशक पूर्व इस अस्पताल में तैनात रहे डा. रामकुमार व लगभग दो दशक पूर्व तैनात रहे डा. आई.वी. सिंह अपनी कार्यप्रणाली के कारण आज भी याद किये जाते हैं।**

## दवाई के लिए डेढ़ किमी. जाना पड़ता है-शेख रईस



**नगर के मुहल्ला पतियापाड़ा वार्ड 15 की सभासद पति शेख रईस अहमद का कहना है कि वर्तमान में गरीब लोगों विशेषकर महिलाओं को दवाई लेने के लिए नगर से लगभग डेढ़ किमी. दूर सीएचसी स्याऊ में जाना पड़ रहा है, जिसके कारण परेशानी उठानी पड़ रही है तथा गरीब लोगों को रिक्शे का किराया देना पड़ता है। उनका कहना है कि यदि नगर के बीच में स्थित अस्पताल को पुनः संचालित कर दिया जाए तो हजारों लोगों को इसका लाभ मिलेगा।**

# खादर के किसानों को इंसाफ दिलाने की मांग

## वनमंत्री से मिले सुधीर भुईयार

**बिजनौर ( चिंगारी )।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुधीर भुईयार ने वन एवं पर्यावरण मंत्री डा. अरुण कुमार सक्सेना से बरेली में उनके आवास पर मिलकर उन्हें बताया कि जनपद बिजनौर की ग्राम पंचायत नांगल सोती के खसरा नंबर 253, 256, 257 में सैकड़ों किसान बैनामे एवं विरासत के आधार पर मालिक एवं काबिज हैं। वन विभाग भी कृषकों की भांति ही इन खसरा नंबरों में सहखातेदार है। यह क्षेत्र गंगा के एकदम समीप है। गंगा का प्रवाह निश्चित न होने के कारण प्रतिवर्ष इसकी सीमायें परिवर्तित होती रहती हैं। राजस्व विभाग द्वारा स्थायी भौतिक विभाजन कर कृषकों एवं वन विभाग को भूमि का आवंटन नहीं किया गया है। यानी कौन सा हिस्सा किसानों का है और कौन सा वन विभाग का, यह बताना संभव नहीं है। राजस्व तथा वन विभाग के भूचित्रों में भी 45 डिग्री का अंतर है। इन विसंगतियों के कारण किसानों और वन विभाग के बीच सतत संघर्ष चलता आ रहा है। वन विभाग ने उत्पीड़नात्मक कार्यवाही करते हुए 20 दिसम्बर को उक्त खसरा नंबरों के कई किसानों पर आपराधिक मुकदमे दर्ज करा दिये हैं तथा उनकी फसलों को भी नष्ट कर दिया है। भाजपा नेता सुधीर भुईयार ने वनमंत्री को ज्ञापन देकर किसानों पर दर्ज मुकदमे बिना शर्त वापस लिये जाने, किसानों द्वारा उगाई गई फसलों को उन्हें काटने की अनुमति देने तथा राजस्व एवं वन विभाग के सक्षम अधिकारियों का पैनल बनाकर तय समय-सीमा के भीतर निजी जोत भूमि और वन क्षेत्र भूमि का निर्धारण करने का आदेश जिलाधिकारी को दिये जाने की मांगें की हैं। सुधीर भुईयार ने बताया कि वन मंत्री ने प्रकरण की गंभीरता को देखते उनके सामने ही जिलाधिकारी बिजनौर जसजीत कौर और वन संरक्षक मुरादाबाद रमेश चन्द्र को फोन किया तथा किसानों को न्याय दिलाने के लिये दोनों अधिकारियों को पत्र भी लिखे हैं। संदीप एड., शोभित चौधरी, योगेन्द्र चौधरी, हेमेन्द्र चौधरी, ज्ञान सिंह भी मौजूद रहे।



वन मंत्री डा. अरुण कुमार सक्सेना से भेंट करते भाजपा नेता सुधीर भुईयार

# भाकियू (संग्राम) के दीपक कुमार त्यागी जिलाध्यक्ष बने



**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )।** मंडावली क्षेत्र के ग्राम सिकरौडा में भारतीय किसान यूनियन संग्राम (अराजनैतिक) की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष राव मुशर्रफ अली ने संगठन को गति देने पर चर्चा की। उन्होंने इस मौके पर संगठन में बदलाव करते हुए सिकरौडा निवासी दीपक कुमार त्यागी को बिजनौर का जिला अध्यक्ष बनाया। साथ ही कहा कि दीपक त्यागी एक संघर्षशील व्यक्ति हैं। संगठन को आगे ले जाने का काम करेंगे। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष दीपक त्यागी ने कहा कि क्षेत्र के किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए उनकी समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर सुभाषचंद्र त्यागी, अतुल कुमार त्यागी, मनोज कुमार त्यागी, नेपोलियन त्यागी, डॉक्टर उमेश त्यागी, हिमांशु, राकेश त्यागी, तेजबल, हर्षित आदि मौजूद रहे।

# बचपन में ही ईमान ले आये थे हज़रत अली

हजरत अली का जन्म लगभग 600 ई. वीं. मक्का, सऊदी अरब में हुआ।

हजरत अली, मोहम्मद साहब पैगंबर इस्लाम के चचेरे भाई और दामाद थे। शिया मुस्लिम हजरत अली को अपना पहला इमाम मानते हैं और सुन्नी मुस्लिम उन्हें अपना चौथा खलीफा मानते हैं।

हजरत अली को इस्लामी परंपरा में अनेक उपलब्धियों के साथ जाना जाता है। अपने बचपन में ही हजरत अली ईमान ले आए और मोहम्मद साहब के पीछे नमाज पढ़ने वाले पहले मुसलमान बने।

जून 656 ई.वीं. में तीसरे खलीफा हजरत उस्मान की शहादत के बाद हजरत अली मदीना में चौथे खलीफा चुने गए, लेकिन उन्हें तुरंत दो विद्रोह का सामना करना पड़ा। पहले विद्रोहियों को हजरत अली ने हरा दिया। दूसरा विद्रोह सीरिया के गवर्नर मुआविया ने किया। यह एक असफल मध्यस्थता प्रक्रिया में समाप्त हुआ। इससे नाराज होकर हजरत अली के कुछ समर्थक अलग हो गए और उन्होंने खारिजी गुट का गठन किया। खारिजी गुट ने जनता को आतंकित किया।

658 ई. वीं. में हजरत अली ने खारिजी विद्रोहियों पर नहरवान की लड़ाई में विजय प्राप्त की किंतु 661 ई.वीं. में एक खारिजी विद्रोही मस्जिद कुफा में छुपकर बैठ गया, जब हज़रत अली नमाज पढ़ रहे थे तो उसने हजरत अली पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले के दो दिन बाद शिया मुसलमानों के पहले इमाम और सुन्नी मुसलमानों के चौथे खलीफा हजरत अली शहीद हो गए।

-आसिफ अली, पत्रकार, बिजनौर

# गौवंश के मरने का सिलसिला जारी, मौके पर नहीं पहुंचा कोई भी अधिकारी

## प्रकरण को मुख्यमंत्री के सम्मुख रखा जाएगा-दिगंबर

बढ़ापुर क्षेत्र की गौशाला में गौवंश की दयनीय स्थिति और 2 दिन से भूख व ठण्ड से हो रही गौवंश की मौतों के मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह ने कहा कि मंगलवार को उनके संगठन के जिलाध्यक्ष नितिन सिरोही बढ़ापुर स्थित गौशाला की स्थिति देखने के लिए मौके पर पहुंचेंगे और धरातल की पूरी स्थिति से अवगत कराएंगे। इसके बाद प्रकरण को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सम्मुख उठाने की बात कही है। उन्होंने गौवंश को चारा न देकर भूख से तड़पा - तड़पा कर मारने को गौवध अपराध बताते हुए कहा कि पूरे जिले में गौ आश्रय स्थलों की स्थिति ठीक नहीं है। उनके संगठन के व्यक्ति गौशालाओं में पहुंचकर जांच पड़ताल करेंगे। जिम्मेदार अफसर बेजुबान गौवंश की जान बचाने के लिए हरा चारा उपलब्ध कराने के साथ-साथ ठोस कदम उठाते हुए गौ आश्रय स्थलों की भूमि को अवैध कब्जाधारकों से कब्जा मुक्त करा दें अन्यथा वह अधिकारियों के विरुद्ध आंदोलन करने को मजबूर हो जाएंगे।

## एक और गाय ने दम तोड़ा, कई ले रहीं अंतिम सांस

## गौशाला की 84 बीघा भूमि, फिर भी गौवंश हरे चारे से महरूम

बिजनौर ( चिंगारी )। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक ओर जहां गौ संवर्धन योजना के अंतर्गत गौ आश्रय स्थलों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं, वहीं जनपद के बढ़ापुर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत सिक्कावाला में उपेक्षा का शिकार हो रहे गौवंश की भूख, बीमारी और ठंड से तड़प-तड़प कर मौतें होने का सिलसिला जारी है। दो दिन के भीतर दो गायों की मौत हो जाने, कुछ के अचेत अवस्था में पहुंच जाने और अधिकतर गौवंश की दयनीय हालत गौशाला के कुप्रबंधन की पोल खोल रही है। गौशाला के जिम्मेदार लोग मुख्यमंत्री के आदेशों की धज्जियां उड़ाने के साथ ही गौवंश को भूखा रखकर उन पर अत्याचार कर रहे हैं।



सोमवार को यह गाय भी अचेत हो गई।

बिजनौर जनपद के बढ़ापुर क्षेत्र की गौशाला इस समय गौवंश के भूख और ठण्ड से हो रही मौतों को लेकर सुर्खियों में है। गौ आश्रय स्थल की 84 बीघा भूमि होने के बावजूद गौवंश की भूख से मौत होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। गौशाला में गौवंश की देखभाल करने वाले व्यक्ति खुद बता रहे हैं कि बीते चार माह से उन्हें हरा चारा नहीं मिला है। सिर्फ सूखा भूसा खा-खा कर 73 गौवंश मौत के मुहाने पर पहुंच गए हैं। भूख और ठंड से लड़ते-लड़ते शनिवार को एक गाय ने दम तोड़ दिया था वहीं रविवार की रात भी एक और अन्य गाय की मौत हो गई है। इतना ही नहीं गौशाला में मौजूद दो और गायों की केवल सांसे चल रही हैं जिनकी किसी भी समय सांसे थम सकती हैं। 2 दिन के भीतर दो गायों की मौत और कई गौवंश के दयनीय हालत बता रही है कि गौशाला का कुप्रबंधन गौवंश के लिए जानलेवा साबित होता जा रहा है। भूखे गौवंश के शरीर में अब इतनी भी ताकत नहीं बची की यह बेजुबान इस ठंड का मुकाबला कर सके। चारे की कमी के अलावा गौशाला में ठंड से बचाव का कोई इंतजाम न होने के चलते सर्दी का यह मौसम कंकाल का रूप ले चुकी उनकी देह पर सितम ढा रहा है।



सोमवार को इस गाय की मौत हो गई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक ओर जहां पूरे प्रदेश में गौ संवर्धन के लिए बहुत गंभीर हैं और वह गौ आश्रय स्थलों को आत्मनिर्भर बनाने तथा हर जनपद में एक आदर्श गौ आश्रय स्थल बनाने की योजना पर कार्य कर रहे हैं वहीं धरातल पर उनकी यह महत्वपूर्ण योजना उपेक्षा का शिकार हो रही है। गौ संवर्धन की इस योजना में जनपद के जिम्मेदार अफसर कोई रूचि नहीं ले रहे हैं। इस बात का सबूत यह है कि बढ़ापुर की जिस गौशाला में गौवंश की भूख व ठण्ड से मौतें हो रही हैं उनकी देखभाल करने वाले नरेश बताते हैं कि कि वह गौशाला में एक साल से नियुक्त हैं। इस अवधि में एक बार भी पंचायत सचिव ने गौशाला में आकर वहां की स्थिति को नहीं देखा है। गौशाला के सबसे निचले स्तर के प्रशासनिक अधिकारी ने ही जब एक वर्ष में एक बार भी गौशाला का रुख नहीं किया तो फिर उच्च स्तर के अधिकारी का गौशाला में जाने का क्या मतलब बनता है। इससे स्पष्ट है कि गौशालाएं केवल उनकी देखभाल करने के लिए नियुक्त किये लोगों के सहारे ही चल रही हैं। कुल मिलाकर भूख और ठंड से गौशाला में हो रही गौवंश की मौतों के चलते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गौ संवर्धन योजना को यहां गहरा आघात लग रहा है।

# डीएम ने किया कवि दुष्यंत कुमार सभागार का लोकार्पण

नजीबाबाद (चिंगारी)। स्थानीय तहसील परिसर में विनियमित क्षेत्र नजीबाबाद के अवस्थापना विकास निधि से बने कवि दुष्यंत कुमार सभागार के नवनिर्मित भवन का डीएम जसजीत कौर ने विधिवत रूप से फीता काटकर लोकार्पण किया। इस मौके पर डीएम ने भवन का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को भवन के समुचित उपयोग एवं रख-रखाव के निर्देश दिये। डीएम ने कहा कि इस नव निर्मित हॉल से प्रशासनिक बैठकों, समीक्षा कार्यक्रमों एवं विभिन्न विभागीय समन्वय बैठकों के आयोजन में सुविधा प्राप्त होगी, यह भवन सभी आवश्यक व आधुनिक सुविधाओं से युक्त है, जिससे कार्यों की गुणवत्ता एवं दक्षता में वृद्धि होगी। इस अवसर पर एसपी अभिषेक झा, एसडीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह, तहसीलदार डॉक्टर संतोष कुमार, सीओ नितेश प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल, सरदार बलवीर सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



# कोहरा छाने व बर्फीली हवाओं से नजीबाबाद में सर्दी का सितम

## ठिठुरन भरी, सर्दी से सामान्य जनजीवन प्रभावित

नजीबाबाद (चिंगारी)। उत्तराखंड की पहाड़ियों के पास स्थित नजीबाबाद शहर में पिछले कई दिनों से आसमान में कोहरा छाने व बर्फीली हवाएं चलने से सर्दी का प्रकोप काफी बढ़ गया है। अचानक ठिठुरन वाली भयंकर सर्दी से सामान्य जनजीवन पूरी तरह से बाधित हो गया है। बीती रात से शहर के अंदर आसमान में चारों ओर कोहरा छाने से कुछ दूरी का भी कुछ दिखाई नहीं दे पाया। जिससे लोग जल्दी ही अपनी दुकानें बंद कर घर चले गये। सुबह भी आसमान में काफी कोहरा छाने से धूप नहीं निकल पाई। साथ ही कोहरे की बूंदें टपकने व बर्फीली हवा चलने से सर्दी का प्रकोप बढ़ गया। जिससे जहां लोगों को काफी गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ा। साथ काफी लोग सर्दी के चलते अपने घरों में रहे जिससे नगर के बाजार काफी ठंडे रहे। लोग सर्दी से बचने के लिए दुकानों पर हीटर व आग का सहारा लेते नजर आए। कोहरे के चलते हाईवे पर वाहनों की संख्या व स्पीड काफी कम हो गई। सर्दी में सफर करने के लिए ट्रेनों व बसों में भी यात्रियों की संख्या काफी कम रही। दुपहिया वाहन चालक सड़कों पर काफी कम नजर आए।

# डीएम व एसपी ने समाधान दिवस में सुनी पीड़ितों की फरियाद

## अधिकारियों को समय से निस्तारण के निर्देश दिये

नजीबाबाद (चिंगारी)। डीएम जसजीत कौर व एसपी अभिषेक झा ने स्थानीय तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में पीड़ितों की फरियाद को सुनकर संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिये। शनिवार को अवकाश होने के कारण सोमवार को यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर डीएम ने अधिकारियों को शिकायतों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के सख्त निर्देश दिये, लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी गई। डीएम ने साफ कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लंबित शिकायतों का निस्तारण पूर्ण गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित करते हुए शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी आख्या के साथ संलग्न करना सुनिश्चित करें। संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर राजस्व, पुलिस, विकास अन्य की कुल 23 शिकायतें दर्ज की गई। जिनमें से मात्र 2 शिकायतों का मौके पर ही विभागीय अधिकारियों के माध्यम से निराकरण किया गया। इस मौके पर एसडीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह, सीओ नितेश प्रताप सिंह, तहसीलदार डॉक्टर संतोष कुमार, नायब तहसीलदार अमित कुमार, नायब तहसीलदार ममता यादव, बीडीओ दीपक तेवतिया, बीएसए सचिन कसाना के साथ संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



पीड़ितों की फरियादी सुनती डीएम जसजीत कौर।

# प्रदर्शन करके बोलीं रसोइया संगठन की महिलायें हमारा आठ माह से रुका हुआ मानदेय दिलायें

## सीएम को सम्बोधित ज्ञापन एडीएम को दिया



तहसील में प्रदर्शन करते हुए रसोइया संगठन की महिलाएं

**धामपुर (चिंगारी)।** प्रगतिशील रसोइया संगठन द्वारा सोमवार को तहसील परिसर में प्रदर्शन करके आठ माह से रुका हुआ मानदेय दिलाने की मांग की। इस अवसर पर एडीएम वित्त को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित दिये ज्ञापन के माध्यम से रसोइयों ने आगामी 12 जनवरी को जिला स्तर पर विरोध प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। ज्ञापन में रसोइयों ने सरकार से उनकी समस्याएं हल कराने और समय से मानदेय दिलाए जाने की मांग की। प्रदर्शन करने वालों में रेखा, बबीता, बीना, ममता, गीता शर्मा, शोभा रानी आदि शामिल रहीं। आरोप है कि सरकार द्वारा प्राथमिक विद्यालय बंद किए जा रहे हैं, जिस कारण रसोइयों की भी छंटनी की जा रही है, जिससे उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो रहा है। इसके अलावा आठ माह से रसोइयों को मानदेय नहीं दिया गया है, जबकि रसोइयां लगातार काम कर रही हैं। उनका कहना है कि रसोइयों को उनकी मेहनत का उचित मानदेय नहीं मिल रहा है। देश के अन्य राज्यों में रसोइयों को कई हजार रुपए वेतन मिलता है। उनसे मिड डे मील के अलावा विद्यालय में साफ-सफाई, झाड़ियों की कटाई, मैदान की सफाई आदि अतिरिक्त कार्य भी करवाए जाते हैं। उन्होंने प्रसूति अवकाश, ईएसआई व ईपीएफ, आयुष्मान कार्ड, बीमा व सर्दियों के कपड़े दिलाने की मांग की है।

# चेयरमैन लोकेंद्र चौधरी ने कराया भण्डारा हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया

**झालू (चिंगारी)।** नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी की ओर से नगर में स्थित श्री झंडे वाले बाबा जी के आश्रम में श्रद्धा, आस्था और सेवाभाव के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। आश्रम परिसर में सुबह से ही भक्तों की आवाजाही बनी रही और वातावरण भक्ति व सेवा से सराबोर रहा। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष साकेन्द्र प्रताप सिंह ने भी झंडे वाले बाबा जी आश्रम में दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम समाज में आपसी सद्भाव, सहयोग और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी ने कहा कि श्री झंडे वाले बाबा जी की असीम कृपा और आशीर्वाद से ही उन्हें नगरवासियों की सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार धार्मिक, सामाजिक व सेवा कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाया जाएगा। भंडारे के सफल आयोजन में नगर पंचायत के सभासदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों का विशेष सहयोग रहा।



श्रद्धालुओं को भंडारे में प्रसाद ग्रहण कराते हुए चेयरमैन लोकेंद्र चौधरी

# जिले में चल रहे अवैध अस्पताल

## बहुजन पेंथर ऑफ इंडिया ने डीएम को दिया ज्ञापन



**बिजनौर (चिंगारी)।** सोमवार को बहुजन पैंथर ऑफ इंडिया के जिला अध्यक्ष नागेंद्र कुमार गौतम के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचकर ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया कि प्राइवेट अस्पतालों में एंबुलेंस चालकों द्वारा कमीशन लेकर मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा है। अधूरे मानकों के साथ अस्पताल चलाए जा रहे हैं तथा अनुभवहीन डॉक्टर अस्पतालों में बैठकर मरीजों को गुणवत्तापूर्वक स्वास्थ्य लाभ नहीं दे पा रहे हैं। प्राइवेट हॉस्पिटल में बिना रेडियोलॉजिस्ट द्वारा अल्ट्रासाउंड किये जा रहे हैं तथा कन्या भ्रूण लिंग की जांच की जा रही है। ज्ञापन देने वालों में अरुण कुमार उर्फ रोनी राष्ट्रीय अध्यक्ष, राजीव जड़ोदिया राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, जसराम प्रधान मंडल अध्यक्ष, विकास कुमार मंडल उपाध्यक्ष, वी.पी. भाई पूर्व नगीना विधानसभा प्रभारी, भूरे चमार मंडल महासचिव, हाजी मोहम्मद साजिद, रुमित युवा जिला अध्यक्ष, तोशक, भोलू, सरवन, राजकुमार, फूल सिंह, अक्की व जोनी आदि शामिल रहे।

# मिट्टी के अवैध खनन पर रोक की मांग



**चांदपुर (चिंगारी)।** सोमवार को शिवसेना जिला प्रमुख चौ. वीर सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ता तहसील पहुंचे तथा मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि मिट्टी खनन में लगे वाहन चालक तेजगति से वाहन चलाते हैं, जिसकी चपेट में आने से अब तक अनेक लोगों की मौत भी हो चुकी है। ज्ञापन में अवैध रूप से होने वाले अवैध खनन पर कड़ाई के साथ रोक लगाये जाने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में शोभित गुर्जर, विकास सैनी, प्रियांशु चौधरी, जितेन्द्र, भूपेंद्र, पंकज चौहान, धर्मवीर तोमर, अतुल शर्मा व मोनू आदि शामिल रहे।

# अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन 31 जनवरी तक

## 22 फरवरी को होगी परीक्षा

**बिजनौर (चिंगारी)।** के.के. शर्मा सहायक श्रमायुक्त ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि अटल आवासीय विद्यालय ग्राम पीपली, तहसील बिलारी मुरादाबाद में उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों, कोविड 19 की महामारी के दौरान निराश्रित हुए बच्चों एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अन्तर्गत पात्र बच्चों हेतु शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6 में उपलब्ध कुल सीट 160 (80 बालक एवं 80 बालिका) तथा कक्षा 9 में उपलब्ध कुल सीट 66 (32 बालक एवं 34 बालिका) में प्रवेश हेतु ऑफलाइन आवेदन नि:शुल्क प्राप्त कर तथा पूर्ण रूप से भरकर वांछित अभिलेखों व तीन फोटो के साथ 31 जनवरी की शाम 5 बजे तक उनके सहायक श्रमायुक्त कार्यालय में जमा कराये जा सकते हैं। प्रवेश परीक्षा 22 फरवरी को तीन विषयों अंग्रेजी, गणित व विज्ञान में होगी।

# सुरेन्द्र हत्याकाण्ड : छत्रपाल और उसके तीन पुत्रों को उम्रकैद


**बिजनौर (चिंगारी)। पोक्सो कोर्ट के स्पेशल अपर सत्र न्यायाधीश प्रकाशचंद्र शुक्ला ने पिता छत्रपाल और उसके तीन पुत्रों महिपाल, विकास और ओमप्रकाश को सुरेंद्र हत्याकांड का दोषी पाकर उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने चारों दोषियों पर तीन लाख 60 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।**



शासकीय अधिवक्ता मुकेश चौहान ने बताया कि चांदपुर क्षेत्र के गांव जमालुद्दीनपुर निवासी गुड्डी पत्नी मदन सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके पड़ोसी छत्रपाल पुत्र नाथू सिंह व उसके पुत्र पुत्र महिपाल, विकास और ओमप्रकाश बदमाश किस्म के लोग हैं, वे उसके परिवार से रंजिश रखते थे। आरोपी ओमप्रकाश व महिपाल के खिलाफ पहले से ही चांदपुर थाने में मुकदमे दर्ज हैं। 5 नवंबर 2023 की शाम को आरोपी, लाठी-डंडे लेकर जबरन गुड्डी देवी के घर में घुस गए। आरोपियों ने गुड्डी देवी के पति मदन सिंह, देवर सुरेंद्र व सेवाराम के साथ जान से मारने की नीयत से मारपीट की थी। मारपीट में गुड्डी का पति मदन सिंह व देवर सेवाराम गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि उसका दूसरा देवर सुरेंद्र सिंह चोटों के कारण मौके पर बेहोश होकर गिर गया। पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ करते हुए उन्हें जेल भेज दिया और कोर्ट में उनके विरुद्ध हत्या व अन्य गंभीर धाराओं में चार्जशीट दाखिल की। सोमवार को फैसला सुनाया और चारों आरोपियों को दोषी पाकर आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया।

# प्राथमिक अस्पताल से डॉक्टर गायब रहने पर मरीजों का हंगामा

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सक समय से नहीं पहुंचते। अस्पताल खुलने के समय पर भी डॉक्टरों के गायब रहने से मरीजों को उपचार के लिए परेशान होना पड़ता है। सोमवार को नजीबाबाद के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सक के न होने से मरीजों को परेशान होना पड़ा। ओपीडी के समय सुबह नौ से दोपहर दो बजे तक पीएचसी प्रभारी अंकित चौधरी सहित डॉक्टरों के न पहुंचने से काफी संख्या में वहां उपचार के लिए आए मरीज इधर-उधर भटकते नजर आए। मरीजों ने अस्पताल के अन्य कर्मचारियों से डॉक्टर कब आएंगे तो उन्होंने बताया कि इसकी उन्हें कोई जानकारी नहीं है। इलाज के लिए अस्पताल आए मरीजों ने दोपहर 12 बजे तक भी वहां डॉक्टर के न आने पर हंगामा शुरू कर दिया। जिस पर अस्पताल स्टाफ ने मरीजों को समझा बुझाकर शांत किया। डॉक्टरों के समय से अस्पताल न पहुंचने से शहर के दूर-दूर इलाकों तथा आसपास के क्षेत्रों से आए काफी मरीजों को बिना उपचार के ही वापस लौटना पड़ा। मरीजों का आरोप था कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कभी भी डॉक्टर समय से नहीं मिलते हैं, जिससे मरीजों को अक्सर बगैर इलाज के लौटना पड़ता है। अस्पताल में ओपीडी के समय डॉक्टरों के ना होने व पीएचसी प्रभारी अंकित चौधरी सहित डॉक्टरों की खाली पड़ी कुर्सियों की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल रही है। इस मामले में मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिजनौर ने जांच कर कार्रवाई करने व चिकित्सकों को समय से अस्पताल पहुंचने के निर्देश दिये जाने की बात कही।




अस्पताल में खाली पड़ी डॉक्टरों की कुर्सियों व परेशान होते मरीज।

# ट्रस्ट के पदाधिकारियों व उनके कार्यभार की घोषणा की गई

**नजीबाबाद (चिंगारी)। ओम श्री हरिहर विश्व सनातन बालाजी सेवा ट्रस्ट रजिस्टर्ड के तत्वावधान में श्री हनुमान धाम किरतपुर के प्रांगण में पूर्णिमा के दिन सुंदरकांड, हनुमान चालीसा का पाठ, हवन यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हनुमान धाम के संस्थापक प्रदीप कुमार चौहान व ट्रस्ट के पदाधिकारियो का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया तथा प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में भक्तों ने बढ़-चढ़ के हिस्सा लेते हुए हवन यज्ञ में आहुति दी। कार्यक्रम में ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष महंत सत्पाल सिंह सचिन गुरुजी ने सभी भक्तों के सामने ट्रस्ट के पदाधिकारियों के पद व कार्यभार के बारे में विस्तार से बताया। ट्रस्ट के पदाधिकारियों वरिष्ठ उपाध्यक्ष नितिन विश्वकर्मा, नरदेव, आदित्य पाल चौधरी, अर्जुन सिंह सैनी, बाबूराम सैनी, नीरज कुमार भुईयार, कोषाध्यक्ष रॉकी गुप्ता व सहकोषाध्यक्ष राजकुमार सैनी को बनाया। महासचिव मुनेश कुमार सैनी, सह महासचिव टिन्कू कुमार भुईयार व सचिव नरेंद्र कुमार रवि, बृजपाल भुईयार, निर्देश देवी, सुधा सैनी, संगीता चौधरी व ऑडिटर जोगिंदर कुमार पाल, सदस्य विपिन**



## आकाश ठाकुर सुरक्षा संघ के जिलाध्यक्ष बने

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। हिंद भारतीय पत्रकार (सुरक्षा संघ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शादान सैफी ने समाचार बेधड़क के पत्रकार आकाश ठाकुर निवासी सिकरौडा को बिजनौर का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनके जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर पत्रकारों व उनके शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं दी।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, नजीबाबाद (बिजनौर)

**पत्रांक: 492/नि.वि./ न.पा.परि. / नजी.-2026** **दिनांक 05.01.26**

### -:पुनः अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना:-

पर समस्त ठेकेदारों / सप्लायर/फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद नजीबाबाद द्वारा बोर्ड फण्ड के अन्तर्गत निकाय को प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित नियम व शर्तो के अधीन नगर पालिका पषिद नजीबाबाद एंव अन्य शासकीय / अर्द्धशासकीय विभागो में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से, नगर के मुख्य मार्गो पर स्मृति द्वार निर्माण / स्थापित किये जाने हेतु डबल बिड पद्धति अपनातें हुऐं दिनांक 06.01.2026 से ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। जो विभागीय वेबसाईट https://etender.up.nic.in दिनांक 06.01.2026, प्रातः 09.00 से दिनांक 12.01.2026 की शाम 04.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 12.01.2026 को शाम 05.00 बजे से पालिका कार्यालय में ऑनलाइन खोली जायेगी। विस्तृत निविदा सूचना https://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार की भूलवश टंकणीय/लिपिकीय त्रुटि के संशोधन के लिये उपरोक्त वेबसाइट को निरन्तर देखते रहें। विस्तृत सूचना किसी भी कार्य दिवस पर नगर पालिका परिषद नजीबाबाद कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| Tender Refrance Number | 492/ET/NPPNBD/2025-26 |
| Publish Date and time for RFP | 06.01.2026 को प्रातः 09:00 बजे |
| Last Date and time for submission of E-Tender | 12.01.2026 को शाम 04.00 बजे तक |
| Date and time of Opening Tender | 12.01.2026 को शाम 05.00 बजे से |
| Place of Opening E-Tender | Executive Officer, Office Najibabad. (Bijnor) |
| E-Tender Security | 10% of Tender Value |
| E-Tender document processing | As per tender list |

**(प्रिन्स कुमार)**
अधिशासी अधिकारी / उपजिलाधिकारी
(न्यायिक) नगर पालिका परिषद नजीबाबाद।
(बिजनौर)

**(इंजीनियर मुअज्जम)**
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद नजीबाबाद।
(बिजनौर)


## पत्रकार की वालिदा के इंतकाल पर शोक

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला जाब्तागंज निवासी पत्रकार शाकिर कुरैशी की वालिदा का बीमारी के चलते इंतकाल हो गया। उनके इंतकाल पर नगर के पत्रकारों ने भारी शोक जताते हुए मरहूमा की मगफिरत व उन्हें जन्नतुल फिरदौस में आला मुकाम अता फरमाने को अल्लाह से दुआ की। काफी संख्या में पत्रकारों ने उनके निवास पर पहुंचकर रंजोगम का इजहार किया।


## सूचना

पहले मेरे नाम की स्पेलिंग GHULAM ALI थी। अब मैंने अपने नाम की स्पेलिंग बदलकर GULAM ALI रख ली है। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम की स्पेलिंग GULAM ALI से जाना व पहचाना जाये।

**-गुलाम अली पुत्र अहमद अली, निवासी ग्राम मुबारकपुर पोस्ट धनसिनी, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर**


# निकिता कौशिक ने जन्मदिन पर मां के नाम पौधा लगाया

**शेरकोट (चिंगारी)।** एक ओर जहां जन्मदिन धूमधाम से मनाने का रिवाज बढ़ता जा रहा है, वहीं क्षेत्र में एक युवती ने अनूठी पहल करते हुए अपने जन्म दिवस पर एक वृक्ष मां के नाम लगाकर पर्यावरण को बचाने के लिए समाज को वृक्षारोपण करने का संदेश दिया। क्षेत्र के ग्राम उमरपुर आशा निवासी आचार्य पंडित कृष्ण कुमार कौशिक की सुपुत्री पंडित निकिता कौशिक का 22वां जन्मदिन था। निकिता ने उसको सादगी पूर्वक मनाया। इस अवसर पर उन्होंने हादकपुर मार्ग पर स्थित मां तारा देवी आश्रम में पहुंचकर मां के नाम एक लीची का पौधा लगाकर समाज को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया। निकिता ने निरंतर बढ़ते प्रदूषण को चिंता का विषय बताते हुए कहा कि इस खतरे से पर्यावरण को बचाने के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाना और पेड़ों की रक्षा करना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस दौरान निकिता ने आश्रम पर रहने वाले महाराज श्री लाल भारती से आशीर्वाद लिया और प्रसाद वितरण कर खुशी साझा की ।



आश्रम परिसर में पौधारोपण करती निकिता कोशिक।

# नगर पालिका ने की पुस्तकालय की स्थापना

## समाचार-पत्र और प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें भी उपलब्ध

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** नगर पालिका परिषद परिसर में स्थापित सार्वजनिक पुस्तकालय विद्यार्थियों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं तथा आम नागरिकों के अध्ययन हेतु आमजन के लिए खोल दिया गया है, जिससे नगर क्षेत्र में शैक्षिक वातावरण को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। पुस्तकालय की देखरेख की जिम्मेदारी निभा रहे पालिका कर्मचारी रोबिन गुप्ता ने बताया कि नगर पालिका परिसर में सार्वजनिक पुस्तकालय की स्थापना का मुख्य उद्देश्य शिक्षा को प्रोत्साहन देना और युवाओं को सकारात्मक एवं रचनात्मक दिशा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय खुलने से विद्यार्थियों को शांत वातावरण में अध्ययन करने की सुविधा मिलने के साथ-साथ उनकी शैक्षणिक क्षमता में वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि पुस्तकालय में विभिन्न विषयों से संबंधित पुस्तकों का समृद्ध संग्रह उपलब्ध कराया गया है। इसके साथ ही दैनिक समाचार पत्र, सामान्य ज्ञान, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकें तथा अन्य आवश्यक संदर्भ सामग्री भी रखी गई है, ताकि छात्र-छात्राओं के साथ-साथ आम नागरिक भी इसका लाभ उठा सकें। नगर पालिका प्रशासन द्वारा यह व्यवस्था की गई है कि कोई भी इच्छुक व्यक्ति नगर पालिका कार्यालय की निर्धारित कार्य अवधि के दौरान पुस्तकालय में आकर अध्ययन कर सकता है। वर्तमान में पुस्तकालय में लगभग 200 से अधिक पुस्तकें उपलब्ध हैं। पालिका प्रशासन ने आने वाले समय में पुस्तकों की संख्या बढ़ाने तथा आवश्यक सुविधाओं में और सुधार किए जाने का भी आश्वासन दिया है। नगर के अभिभावकों ने नगर पालिका द्वारा उठाए गए इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि सार्वजनिक पुस्तकालय का संचालन नगर के युवाओं के लिए लाभकारी सिद्ध होगा और शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा।






# शिकायतों का निस्तारण पूर्ण गुणवत्ता के साथ हो-एसडीएम



**नगीना ( चिंगारी )।** संपूर्ण तहसील समाधान दिवस में एसडीएम विजय शंकर ने कहा कि तहसील दिवस में आने वाली शिकायतों का निस्तारण पूरी गुणवत्ता के साथ होना चाहिए।

सोमवार को तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण तहसील समाधान दिवस में कल 15 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण हो गया। तहसील दिवस में पालिका के कुछ सभासदों ने धामपुर मार्ग पर स्थित एक पुलिया के अवैध निर्माण को तोड़े जाने की गुहार लगाई। आरोप लगाया गया कि पालिका प्रशासन कॉलोनी स्वामी को तीन बार नोटिस भेज चुकी है, लेकिन तुड़वाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही है। एसडीएम ने पालिका कर्मचारियों को अवैध पुलिया अविलंब तोड़े जाने के कड़े निर्देश दिये। इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी, तहसीलदार अमरपाल, नायब तहसीलदार अजब सिंह, एसडीओ विद्युत रामकेश, खंड शिक्षा अधिकारी इंद्रजीत सिंह, नगर पालिका के मुनीर अहमद, नरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# कम्प्यूटर सफलता की कुंजी - डा. दिलशाद

**बढ़ापुर ( चिंगारी )।** एक कंप्यूटर सेंटर के वार्षिक उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में अपने विचार रखते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. दिलशाद अहमद अंसारी ने छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वर्तमान युग कंप्यूटर का युग है। कंप्यूटर हमारी जरूरत है, यह हमारी समस्याओं का समाधान करता है। कंप्यूटर सिर्फ एक मशीन नहीं, बल्कि यह आपकी कल्पनाओं को हकीकत में बदलने वाला जादू है। यह एक कुंजी भी है जो आपके भविष्य के अवसरों को राह दिखाता है। उन्होंने बस स्टैंड के समीप संचालित आई लर्न कंप्यूटर सेंटर और इंग्लिश स्पीकिंग सेंटर की संचालिका बढ़ापुर निवासी रोज़ी ख़ान की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह बढ़ापुर क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के भविष्य को बनाने का कार्य कर रही हैं। इस अवसर पर चेयरमैन डा. दिलशाद अंसारी व मु. दानिश ने छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र वितरित किये। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता मो. आरिफ़ ख़ान एडवोकेट, मो. दानिश, फरीद ख़ान एडवोकेट, पत्रकार राशिद मलिक, आक़िल खान भारती एडवोकेट, शाहनवाज ख़ान उर्फ शक्कन, मास्टर आशाराम सैनी, रोज़ी खान आदि ने अपने विचार रखे।


अपने विचार रखते चेयरमैन दिलशाद अंसारी।

# मनोज पारस ने डा. अनुज चौधरी और उनके पिता को किया सम्मानित

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम हरदासपुर के ग्राम प्रधान एवं किसान यूनियन (भानु) के प्रांतीय नेता चौधरी कुलवीर सिंह के पुत्र डॉक्टर अनुज चौधरी को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन मेडिकल नेटवर्क उत्तर प्रदेश छात्र संघ का प्रदेश अध्यक्ष बनने पर ग्रामीणों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, राजनीतिक पार्टी के नेताओं ने उनके पैतृक गांव हरदासपुर पहुंचकर बधाई दी। विधायक नगीना एवं पूर्व मंत्री मनोज पारस ने ग्राम पंचायत हरदासपुर में पहुंचकर चौधरी डॉक्टर अनुज चौधरी व उनके पिता चौधरी कुलबीर सिंह को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा फूल मालाएं भेट कीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि युवाओं को अनुज चौधरी जैसे युवक से प्रेरणा लेनी चाहिए। जो मेडिकल शिक्षा के साथ-साथ राजनीति में भी अपनी नई पहचान बना रहे हैं। युवाओं को अनुज चौधरी जैसे लोगों से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर उनके साथ गजेन्द्र भंडारी पूर्व जिला पंचायत सदस्य, मौहम्मद असलम कुरैशी जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व ग्राम प्रधान कोतवाली, चौधरी अनिल कुमार ब्लॉक अध्यक्ष किरतपुर, सुशील शर्मा, चौधरी शुभम, ओमवीर सिंह, रविंद्र सिंह, नितिन चौधरी, राजेंद्र सिंह, दीपक सिंह, नाथू सिंह, नेपाल सिंह, देवेंद्र सिंह, रतनवीर सिंह आदि मौजूद थे।



# परम्परानुसार मनाया सकट चौथ का पर्व

**बिजनौर/नांगल सोती ( चिंगारी )।** माघ महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को सकट चौथ का त्यौहार मनाया जाता है। सकट चौथ को संकष्टी चतुर्थी, माघ चतुर्थी तथा तिलकुट चौथ के नामों से भी जाना जाता है। आज महिलाओं ने अपनी संतान की लंबी आयु, सुखी जीवन और उन्नति के लिये व्रत रखा। शाम के समय महिलायें विधि-विधानपूर्वक भगवान गणेश की पूजा-आराधना और आरती करेंगी। भगवान गणेश को शकरकंद, मौसमी फल और तिल-गुड़ के लड्डू का भोग लगाया जाता है। रात में चन्द्रमा को अर्घ्य देने के बाद महिलायें जल ग्रहण करके अपने व्रत का परायण करेंगी। मान्यता है कि इस दिन व्रत रखने से भगवान गणेश सभी कष्टों को हर लेते हैं। उनकी कृपा से जीवन की सभी बाधायें दूर होती हैं और संतान को लम्बी आयु का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इस अवसर पर घरों में तिलकुट बनाया गया। तिल के लड्डू भी बनाये गये। ग्रामीण क्षेत्रों में सकट चौथ पर बेटियों, बहनों के घर लड्डू भेजे जाते हैं। कुछ वर्गों में बहुओं के मायके से आये लड्डुओं को गांव में बांटा जाता है। सकट चौथ पर विवाहितायें अपने मायके भी जाती हैं।

# उपस्वास्थ्य केन्द्र खासपुरा में दो साल से डाक्टर नहीं

**खासपुरा ( चिंगारी )।** बिजनौर में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का हाल किसी से छिपा नहीं है। नूरपुर ब्लॉक के ग्राम खासपुरा में भी स्वास्थ्य सुविधाएं भगवान भरोसे हैं,जहां स्वास्थ्य व्यवस्था किस तरह दम तोड़ रही हैं। उप स्वास्थ्य केंद्र खासपुरा में डॉक्टर की ही तैनाती नहीं है, इस स्वास्थ्य केंद्र पर केवल एक लैब टैक्निशियन, एक स्टाफ नर्स एवं एक एएनएम तैनात है। दो वर्षो से डाक्टर और कंपाउंडर की नियुक्ति न होने से मरीजों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। हालत ये है कि स्टाफ नर्स और लैब टेक्नीशियन मरीजों का अपने अनुभव के अनुसार इलाज कर रहे हैं। उक्त केंद्र पर प्रतिदिन लगभग दो दर्जन मरीज उपचार हेतु आते है। यहा कोई स्थायी सफाईकर्मी भी तैनात नही है, जिसके चलते चारों ओर गन्दगी व्याप्त है। स्टाफ नर्स नीलम चौधरी ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र पर सभी आवश्यक दवाइयां उपलब्ध हैं। केंद्र पर तैनात कर्मियो ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोरना पर तैनात सफाईकर्मी ही यहां सप्ताह में तीन दिन सफाई करने आते है। केंद्र पर महिलाओ के प्रसव की भी कोई सुविधा उपलब्ध नही है। इस विषय पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिजनौर से बात की गई तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब न देते हुए जनपद में चिकित्सकों की कमी होना बताया और कहा कि पर्याप्त चिकित्सक उपलब्ध होते ही चिकित्सक तैनात कर दिए जाएंगे। खासपुरा निवासी अमलेश का कहना है अभी तक डॉक्टर की नियुक्ति न हो पाने से रोगियों को काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीण भूपेंद्र सिंह नीटू ने बताया कि मैं बुखार होने पर स्वास्थ्य केंद्र पर गया लेकिन वहां डॉक्टर न होने पर मुझे वापस आना पड़ा।


स्वास्थ्य केंद्र के पास की बिल्डिंग व आसपास का प्रांगण सफाई और देखरेख न होने के कारण बदहाल अवस्था में।


स्टाफ नर्स मरीज देखती हुई। ( फोटो ) स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात लेब टेक्नीशियन।


भूपेंद्र सिंह


अमलेश

# नहीं पहुंचे विदेशी मेहमान, पीली डैम व जलाशय वीरान

नितिन दिनेश कौशिक

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** क्षेत्र स्थित पीली डैम जलाशय इस बार विदेशी प्रवासी पक्षियों के आगमन न होने से पूरी तरह वीरान नजर आ रहा है। हर वर्ष सर्दियों के मौसम में हजारों प्रवासी पक्षियों की चहचहाहट से गुलजार रहने वाला यह जलाशय इस बार खामोश है।



विदेशी प्रवासी पक्षियों के न आने से वीरान पड़ा पीली डैम जलाशय।

वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर एआर रहमान ने बताया कि प्रकृति की खूबसूरत वादियों में बसा पीली डैम सामान्यतः हर सर्दी में साइबेरिया समेत अन्य ठंडे देशों से आने वाले प्रवासी पक्षियों का प्रमुख आश्रय स्थल रहा है। सर्दियों की शुरुआत होते ही यहां प्रवासी पक्षियों की आवाजाही शुरू हो जाया करती थी, लेकिन इस बार अब तक एक भी प्रमुख विदेशी प्रजाति यहां नहीं पहुंची है। जो अत्यंत चिंताजनक है। उन्होंने बताया कि आमतौर पर साइबेरियन सारस, ग्रेटर फ्लेमिंगो, रफ, तीतर, गुलाबी पेलिकन और गैडवाल जैसी अनेक प्रजातियां इस जलाशय में देखी जाती थीं। ठंडे देशों में भोजन की कमी और बर्फबारी के कारण ये पक्षी हजारों किलोमीटर की दूरी तय कर यहां आते थे, लेकिन इस वर्ष उनकी अनुपस्थिति ने पक्षी प्रेमियों और प्रकृति प्रेमियों को गहरी चिंता में डाल दिया है। बीते वर्षों में भी इनकी संख्या में लगातार कमी देखी जा रही थी। किंतु इस बार पूरी तरह से न आना गंभीर संकेत माना जा रहा है।

### इन कारणों से नहीं आये विदेशी पक्षी

**विदेशी प्रवासी पक्षियों के न आने के संभावित कारणों पर एआर रहमान ने बताया कि पीली डैम पर आमजन की अत्यधिक आवाजाही, पर्यटन व सैर-सपाटे के लिए बढ़ता दबाव, मत्स्य विभाग द्वारा जलाशय को ठेके पर दिए जाने के बाद ठेकेदारों द्वारा नावों और बोटों के संचालन से उत्पन्न शोर, प्रवास मार्ग में शिकार की घटनाएं, आवास में बदलाव तथा भोजन व विश्राम स्थलों की कमी जैसे कारण प्रवासी पक्षियों के आगमन को प्रभावित कर सकते हैं। इसके अलावा यह भी संभव है कि कुछ प्रजातियों ने अपने लिए नए आश्रय स्थल चुन लिए हों।**

### ..वरना दर्शन दुर्लभ हो जायेंगे

**श्री रहमान ने स्थानीय लोगों और पर्यटकों से अपील की कि वे पक्षियों के प्राकृतिक आवास का सम्मान करें और किसी भी प्रकार की शिकारी गतिविधियों से दूर रहें। पीली डैम की यह वीरानी इस बात की चेतावनी है कि यदि समय रहते प्रवासी जीवों के संरक्षण के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले वर्षों में इन पक्षियों का दर्शन दुर्लभ हो जाएगा,जो पर्यावरण संतुलन के लिए गंभीर चिंता का विषय होगा। इस संबंध में जब वन क्षेत्र अधिकारी अमानगढ़ अंकिता किशोर से वार्ता की गई तो उन्होंने मीटिंग में होने की बात कहते हुए अपनी व्यस्तता जता दी।**

## कण्व आश्रम के विकास के लिये राज्यपाल को पत्र लिखा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** ग्राम बाकरपुर गढ़ी निवासी चौधरी पदमसिंह अहलावत ने उत्तर प्रदेश के राज्यपाल को पत्र लिखकर महर्षि कण्व आश्रम रावली के विकास की मांग की है। उन्होंने पत्र में बाउंड्री वॉल, मीटिंग हॉल, सौर ऊर्जा संयंत्र, ट्यूबवैल, आयुर्वेदिक अस्पताल, भोजनालय, यज्ञशाला, गेस्ट हाउस, प्रधानमंत्री कौशल विकास केन्द्र का निर्माण कराने की मांग की है।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

## 'खूनी सड़क' पर फिर हुई दुर्घटना, युवक घायल

**चांदपुर ( चिंगारी )।** खूनी सड़क के नाम से मशहूर चांदपुर-धनौरा रोड पर ट्रैक्टर-ट्राली व मोटरसाइकिल के बीच भिड़ंत हो जाने से मोटरसाइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसको उपचार के लिये निजी चिकित्सक के यहां ले जाया गया। कल रात ग्राम फंदेडी निवासी सलमान अली पुत्र नसीम अली मोटरसाइकिल से अपने घर जा रहा था। चांदपुर-धनौरा रोड पर अलावलपुर के पास ट्रैक्टर-ट्राली व मोटरसाइकिल के बीच हुई भिड़ंत में मोटरसाइकिल सवार सलमान अली गम्भीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर सहित वहां से भाग गया। सूचना पर शिवसेना जिला प्रमुख चौ. वीर व बबनपुरा पुलिस चौकी पर तैनात सिपाही विशाल कुमार व होमगार्ड राजीव कुमार वहां पहुंचे तथा गम्भीर रूप से घायल सलमान अली को उपचार के लिए चांदपुर में डिग्री कालेज के निकट स्थित डा. मोहित चौधरी के यहां पहुंचाया।



### सूचना

पहले मेरा नाम जुबैदा था, जो मैंने अब बदल कर जुबैदा खातून रख लिया है। भविष्य में मुझे जुबैदा खातून के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाये। - **जुबैदा खातून पत्नी मौहम्मद यामीन, निवासी ग्राम खुशहालपुर मठेरी, थाना नगीना देहात, तहसील नगीना, जिला बिजनौर।**

## निधन पर दुःख व्यक्त किया

**बिजनौर ( चिंगारी )। उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ ने जिलाधिकारी के ओएसडी के के सिंह की माता जी श्रीमती कृष्णा देवी तथा अटेवा के प्रदेश उपाध्यक्ष चन्द्रहास सिंह की माता जी के निधन पर दुख व्यक्त किया है। महासंघ के जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिये प्रार्थना की है। इनके अलावा कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह, जिला मंत्री सुधांशु शर्मा, उमेश कुमार विज, अनिल कुमार शर्मा, मनोज कुमार, योगेश कुमार, संजय कुमार, अमित कुमार शर्मा, दीपक आदि ने भी दुख व्यक्त किया है।**

## इलेक्ट्रोनिक शॉप का उद्घाटन



**नूरपुर ( चिंगारी )।** मंगलवार को स्योहारा रोड स्थित जमजम इलेक्ट्रॉनिक शॉप का उद्घाटन पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश प्रभारी तसलीम अहमद इदरीसी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर तसलीम अहमद ने कहा कि इस मार्ग पर इलेक्ट्रॉनिक की शॉप खुलने से क्षेत्र के लोगों को बिजली का सामान उचित मूल्य पर मिलेगा। इस अवसर पर सभासद असलम मलिक, सलीम अंसारी, मुकुल गुप्ता, डॉ. नफ़ीस गुलरेज अंसारी, तकदीस गुलरेज अंसारी, अशफ़ाक खान, कफ़ील सैफ़ी, गुलाम नबी आजाद, लतीफ़ क़ुरैशी, डॉ. अबरार अहमद, मौहम्मद साहिल, डॉ. रईस अहमद आदि मौजूद रहे।

## हरा-भरा बाग काट डाला

### 30 वृक्षों का परमिट लेकर 80 वृक्ष काटे

**पैजनिया ( चिंगारी )।** क्षेत्र के गांव महमदाबाद और जमालपुर में नहटौर-चांदपुर मार्ग के किनारे लकड़ी के ठेकेदारों ने करीब दस साल पुराने आम के हरे-भरे बाग के तीस वृक्षों को रोग ग्रस्त दिखाकर तथा वन विभाग एवं पुलिस प्रशासन के स्थानीय अधिकारियों की मिली भगत से करीब 80 वृक्षों पर आरा चला डाला। इतना ही नहीं, लकड़ी के ठेकेदारों ने जेसीबी से आम के वृक्षों की जड़ों को खोदवा कर सबूत भी मिटा दिया। ग्राम महमदाबाद निवासी मोरना के भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष राजीव त्यागी ने जनहित एवं पर्यावरण संरक्षण को देखते हुए डीएफओ, जिलाधिकारी एवं वन क्षेत्राधिकारी चांदपुर को पत्र देकर अवगत कराया कि ग्राम महमदाबाद के आमिर हुसैन, जाहिद हुसैन व जमील अहमद ने करीब 60 बीघा आम का बाग भूमि सहित स्योहारा क्षेत्र के वसीम नामक एक व्यक्ति को विक्रय कर दिया था। वर्तमान में वसीम ने लकड़ी के ठेकेदारों से हमसाज होकर रविवार और सोमवार को आम के हरे-भरे बाग के करीब 80 वृक्ष कटवा दिए। साथ ही जेसीबी से काटे गए वृक्षों की जड़ों को उखड़वाकर सबूत भी मिटा दिया गया। इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी चांदपुर दुष्यंत कुमार ने बताया कि आम के रोगग्रस्त 30 वृक्षों को काटे जाने की परमीशन दी गई थी, यदि ज्यादा पेड़ काटे गए हैं तो वह जांच कराकर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

### सबूत मिटाने के लिये जेसीबी से जड़ें उखाड़ दीं

## लालढांग में गेंद मेला की तैयारी

**लालढांग ( चिंगारी )।** लोक सांस्कृतिक गेंद मेला समिति द्वारा आगामी गेंद मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समिति के पदाधिकारियों ने मां काली मंदिर मैदान में आगामी तीन दिवसीय 12 जनवरी से लेकर 14 जनवरी तक होने वाले गेंद मेले की रूपरेखा पर विचार विमर्श किया तथा विचार विमर्श के उपरांत कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। कार्यक्रम 12 जनवरी को स्थानीय खिलाड़ियों द्वारा खेल की प्रतियोगिताएं, 13 जनवरी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, 14 जनवरी- सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं गेंद का खेल होगा। बैठक में समिति के अध्यक्ष चंद्र मोहन सिंह नेगी, उपाध्यक्ष देवेंद्र रतूड़ी, सचिव हरि मोहन सिंह रावत, कोषाध्यक्ष कीर्ति मोहन द्विवेदी, विमल डबराल, लोकेश नेगी, प्रकाश डोबरियाल, जयचंद चतुर्वेदी, राजेंद्र रतूड़ी, सुरेंद्र रावत, राजेंद्र राणा, संजय बिष्ट, संजय नेगी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।








# भारतीय अंडर-19 टीम ने दक्षिण अफ्रीका को आठ विकेट से हराया और सीरीज भी जीती

**बेनोनी ( एजेंसी/चिंगारी )।** किशन सिंह (चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद वैभव सूर्यवंशी (68) की विस्फोटक और अभिज्ञान कुंडु (नाबाद 48) रनों की पारियों की बदौलत भारतीय अंडर-19 टीम ने सोमवार को वर्षा प्रभावित दूसरे यूथ वनडे में 21 गेंदे शेष रहते दक्षिण अफ्रीका को आठ विकेट से हरा दिया।




इसी के साथ भारत ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। वैभव सूर्यवंशी को उनकी विस्फोटक पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। 246 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम के लिए वैभव सूर्यवंशी और एरोन जॉर्ज की सलामी जोड़ी अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 67 रन जोड़े। सातवें ओवर में एरोन जॉर्ज (20) के रूप में पहला विकेट गिरा। नौवें ओवर में माइकल क्वइस्काम्प ने वैभव सूर्यवंशी को भी आउट हो गये। वैभव सूर्यवंशी ने 24 गेंदों में 10 छक्के और एक चौका लगाते हुए 67 रनों की पारी खेली।

इसके बाद बारिश और खराब रोशनी के कारण खेल रोका गया और भारत को 27 ओवरों 174 रनों का संशोधित लक्ष्य मिला। अभिज्ञान कुंडु और वेदांत त्रिवेदी की जोड़ी ने 23.3 ओवर में दो विकेट पर 176 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। अभिज्ञान कुंडू(48) और वेदांत त्रिवेदी 31 रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले भारतीय गेंदबाजों ने दक्षिण अफ्रीका की टीम 49.3 ओवरों में 245 के स्कोर पर समेट दिया था। आज यहां टॉस जीतकर दक्षिण अफ्रीका की अंडर-19 टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। जेसन राउल्स ने दक्षिण अफ्रीका के लिए सर्वाधिक रन बनाये। जेसन राउल्स ने 113 गेंदों में सात चौके और तीन छक्के लगाते हुए 114 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे एक ओर से जहां दक्षिण अफ्रीका के विकेट गिरते जा रहे थे, जेसन राउल्स एक छोर थामे तेजी के साथ रन बनाते रहे।

# बीएमडब्ल्यू गोल्फ कप 2026 में 13 शहरों में होंगे 19 टूर्नामेंट

**गुरुग्राम ( एजेंसी/चिंगारी )।** बीएमडब्ल्यू गोल्फ कप 2026 के 16वें संस्करण में देश भर के 13 शहरों में 19 टूर्नामेंट आयोजित किये जायेंगे। बीएमडब्लयू ग्रुप इंडिया ने सोमवार को बीएमडब्ल्यु गोल्फ कप 2026 के 16वें एडिशन का कार्यक्रम की घोषणा की। कार्यक्रम के अनुसार बीएमडब्ल्यू गोल्फ कप 2026 सीजन का विस्तार किया है जिसके तहत 13 शहरों में 19 क्वालिफाइंग टूर्नामेंट होंगे, इसमें देश भर के 2,200 से अधिक शौकिया गोल्फर हिस्सा लेंगे। बीएमडब्ल्यू गोल्फ कप 2026 चेन्नई, हैदराबाद, मुंबई, पुणे, अहमदाबाद, दिल्ली, वडोदरा, जयपुर, बेंगलुरु, लखनऊ, पटना, कोलकाता और गुरुग्राम के शानदार गोल्फ कोर्स में आयोजित किया जाएगा। ओमेगा, एतिहाद, टेलरमेड, बैलेंटाइन और एचएसबीसी जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड के साझेदार होंगे। इस अवसर पर भारतीय बीएमडब्ल्यू समूह के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी हरदीप सिंह बरार ने कहा, बीएमडब्ल्यू गोल्फ कप सिर्फ एक टूर्नामेंट से कहीं अधिक है, यह खेल में उत्कृष्टता, समुदाय और हमारे ग्राहकों और खेल के संरक्षकों के लिए यादगार अनुभवों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की अभिव्यक्ति है।




# पीवी सिंधु मलेशिया ओपन में भारतीय चुनौती पेश करेगी

**कुआलालंपुर ( एजेंसी/चिंगारी )।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु पिछले सितंबर के बाद पहली बार मंगलवार ( आज ) को मलेशिया ओपन 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगी। कुआलालंपुर के स्टेडियम एक्सियाटा एरिना में शुरू होने वाला यह सीजन का पहला टूर्नामेंट, जो एक टॉप-टियर बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट है, चोटों से भरे 2025 सीजन के बाद सिंधु के लिए एक नई शुरुआत होगी। 30 साल की भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी सिंधु पिछले सितंबर में चाइना मास्टर्स में पेरिस 2024 ओलंपिक चैंपियन एन से यंग से क्वार्टर-फाइनल में हारने के बाद से बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर में नहीं खेली हैं। सिंधु ने पैर की चोट से उबरने के लिए 2025 सीजन के शेष टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया था। उन्होंने आखिरी बार दिसंबर 2024 में सैयद मोदी इंटरनेशनल सुपर 300 में खिताब जीता था। कल से शुरु हो रहे इस टूर्नामेंट में भारत की महिला एकल चुनौती में मालविका बंसोड़ और उन्नति हुड्डा भी शामिल होंगी।

# एला-जोविक की जोड़ी ने विलियम्स-स्वितोलिना को युगल मुकाबले में हराया

**औकलैंड (एजेंसी/चिंगारी)।** एलेक्जेंड्रा एला- इवा जोविक ने एएसबी क्लासिक टूर्नामेंट में सात बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन वीनस विलियम्स- एलिना स्वितोलिना की जोड़ी के खिलाफ युगल मुकाबले में जीत के साथ अपने 2026 टेनिस सीजन की शुरुआत की। आज यहां खेले गये युगल राउंड ऑफ 16 मुकाबले में फिलीपींस की एला और अमेरिका की इवा जोविक ने अमेरिकी विलियम्स और यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना की जोड़ी को एक घंटे 29 मिनट तक चले मैच में 7-6(7), 6-1 से हराया। मैच के बाद एला ने कहा, मुझे कोर्ट पर बहुत अच्छा लगा। मुझे लगता है कि हमने बहुत आनंद उठाया और साल की शुरुआत ऐसे पल के साथ करना और इस खेल की दो दिग्गजों के साथ कोर्ट साझा करना 'कोर्ट के बाहर भी' ऐसे लोग जिन्हें मैं बचपन से देखती आई हूं।



# नीरज चोपड़ा ने जेएसडब्लयू से तोड़ा एक दशक पुराना नाता




**मुंबई (एजेंसी/चिंगारी)।** एक दशक की साझा उपलब्धियों और बेमिसाल कामयाबियों के बाद, जैवलिन थ्रोअर स्टार नीरज चोपड़ा और जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स ने आज अपनी औपचारिक साझेदारी को समाप्त करने की घोषणा की है। नीजर अब अपनी स्वयं की एथलीट मैनेजमेंट फर्म, वेल स्पोर्ट्स शुरू करने रहे हैं। नीरज ने कहा, पिछल 10 वर्षो में हमारा साथ तरक्की, भरोसे और कामयाबी से भरा रहा है। मेरे करियर को बनाने में जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स का बहुत बड़ा हाथ रहा है और मैं उनके सहयोग और विजन के लिए हमेशा उनका आभारी रहूंगा। जैसे ही हम इस अध्याय को समाप्त कर रहे हैं, मैं उन्हीं मूल्यों को अपने सफर के अगले चरण में आगे ले जा रहा हूं। नीरज का जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के साथ जुड़ाव 2016 में शुरू हुआ था। अगले दशक में यह साझेदारी भारतीय खेल में एक निर्णायक ताकत बन गई। नीरज की उपलब्धियां ऐतिहासिक रही हैं। प्यार से उन्हें 'गोल्डन आर्म वाला आदमी' कहा जाता है, वह टोक्यो 2020 गेम्स में ट्रैक एंड फील्ड में ओलंपिक स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय बने। इसके बाद उन्होंने 2023 में वर्ल्ड चैंपियनशिप गोल्ड और 2024 में पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीता, साथ ही ग्लोबल सर्किट पर कई पोडियम फिनिश भी हासिल किए। जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के मुख्य कार्यकारी दिव्यांशु सिंह ने कहा, नीरज के साथ काम करना जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स में हम सभी के लिए एक अविश्वसनीय अनुभव रहा है।

# आद्या बाहेती, राजदीप बिस्वास ने अंडर-11 लड़कियों और अंडर-11लड़कों एकल खिताब जीते

**वडोदरा ( एजेंसी/चिंगारी )।** आद्या बाहेती और राजदीप बिस्वास ने सोमवार को यहां सामा इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ गुजरात द्वारा आयोजित डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर 2026 में क्रमश: अंडर-11 लड़की और अंडर-11 लड़के एकल वर्ग के खिताब अपने नाम किये। आज यहां खेल गये अंडर-11 लड़की एकल के फाइनल में आद्या ने साक्ष्य संतोष को 15-13, 11-8, 12-10 से हराया, जबकि बिस्वास ने शरविल करबेलकर को 11-8, 11-6, 11-13, 11-4 से हराकर लड़के एकल फाइनल जीता। लड़कों की अंडर-15 स्पर्धा में, विवान दवे ने ऋत्वान चट्टोपाध्याय को 9-11, 11-9, 11-6, 11-3 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। अब उनका मुकाबला रुद्र जेना से होगा, जिन्होंने अंडर-13 लड़के एकल चैंपियन देव प्रणव भट्ट को 11-4, 11-8, 11-5 से हराया। अंडर-15 लड़की एकल की टॉप सीड अंकोलिका चक्रवर्ती, दूसरी सीड नैशा रेवास्कर और उभरती हुई तनिष्का कालभैरव ने भी अपने-अपने विरोधियों पर आसान जीत के साथ अंतिम आठ में जगह पक्की कर ली।

# श्रेयस अय्यर होंगे अब विजय हजारे ट्रॉफी में मुम्बई के कप्तान

**मुम्बई ( एजेंसी/चिंगारी )।** श्रेयस अय्यर को चोटिल शार्दुल ठाकुर की जगह विजय हजारे ट्रॉफी के शेष मैचों के लिए मुंबई टीम का कप्तान बनाया गया है। मुम्बई क्रिकेट एसोसिएशन ने सोमवार को एक बयान में कहा, एमसीए को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि श्रेयस अय्यर को विजय हजारे ट्रॉफी के शेष लीग मैचों के लिए मुंबई सीनियर पुरुष टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। विजय हजारे ट्रॉफी के बाद कप्तान के तौर पर अय्यर का बने रहना भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से अंतरराष्ट्रीय कर्तव्यों के लिए फिटनेस क्लीयरेंस पर निर्भर करेगा। अय्यर को 11 जनवरी से




बड़ौदा में न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरु होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए टीम में शामिल किया गया है। उनका चयन इस शर्त पर किया गया था। कि वह फिटनेस हासिल कर लेंगे। हाल ही में वनडे टीम की घोषणा करते समय बीसीसीआई ने कहा था कि अय्यर की फिटनेस का आकलन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में किया जाएगा, और अगर उन्हें फिट घोषित किया जाता है तो वह वनडे टीम में शामिल होंगे। अगर अय्यर को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के लिए हरी झंडी मिल जाती है, तो एमसीए को विजय हजारे ट्रॉफी के नॉकआउट के लिए दूसरा कप्तान चुनना होगा।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस का पुतला फूंका

## अंकिता भंडारी प्रकरण में राजनीति करने का आरोप



**लालढांग ( चिंगारी )।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने गैंडीखाता बस स्टैंड पर सोमवार को कांग्रेस का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने अंकिता भंडारी प्रकरण को लेकर कांग्रेस पर राजनीति करने का आरोप लगाया। भाजपा लालढांग मंडल अध्यक्ष विक्रम चौहान ने कहा कांग्रेस पार्टी द्वारा अंकिता भंडारी मामले को लेकर की जा रही घटिया राजनीति से प्रदेश के लोगो में खासा रोष है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस इस संवेदनशील मामले को केवल अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए इस्तेमाल कर रही है।भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मीडिया सह संयोजक मो. सफी लोधा ने कहा कि भाजपा सरकार ने इस मामले को गंभीरता से लेकर तत्काल कार्रवाई की। जांच के दौरान मजबूत साक्ष्य एकत्र किये गये और दोषियों को सजा दिलाने का काम किया। पुतला दहन व विरोध प्रदर्शन करने वालों में भाजपा मंडल महामंत्री सुनील पाल, सरिता अमोली, उपाध्यक्ष राजकुमार मिश्रा, रविन्द्र सैनी, राजपाल सिंह बगियाल, विनोद पोखरियाल, विरेन्द्र पोखरियाल, मुन्ना ठाकुर, मन्ना लोधा, यामीन कसाना, कैलाश रावत, संजय सैनी, प्रशांत सैनी, फकीर चंद, यशपाल सिंह रावत आदि भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

## भारत स्वाभिमान न्यास का स्थापना दिवस मनाया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भारत स्वाभिमान न्यास की ओर से सोमवार को उमेश नगर स्थित कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में न्यास का स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान हवन यज्ञ करते हुए सभी लोगों द्वारा समाज में योग, आयुर्वेद व स्वदेशी के प्रचार-प्रसार का संकल्प लिया गया। हवन समाप्ति के बाद मिष्ठान वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी दिनेश जुयाल, युवा भारत के जितेंद्र काला, पतंजलि योग समिति के विजय भाटिया एवं रविंद्र नेगी और किसान सेवा समिति के चंद्र किशोर असवाल सहित न्यास से जुड़े अन्य लोग मौजूद रहे।



भारत स्वाभिमान न्यास की ओर से न्यास की स्थापना दिवस पर किया हवन।



## निवेदिता कुकरेती बनीं विशेष गृह सचिव

**कोटद्वार ( चिंगारी )। अपर सचिव गृह की जिम्मेदारी संभाल रही आईपीएस निवेदिता कुकरेती को अब विशेष सचिव गृह बनाया गया है। इस सम्बन्ध में गृह सचिव शैलेश बगौली ने आदेश जारी कर दिए हैं। निवेदिता कुकरेती मूल रूप से पौड़ी गढ़वाल के यमकेश्वर क्षेत्र की रहने वाली है। निवेदिता कुकरेती इसी वर्ष आईजी के पद पर पदोन्नत हुई हैं। वर्ष 2008 बैंच की आईपीएस अधिकारी निवेदिता कुकरेती 2010 में पुलिस अधीक्षक पौड़ी समेत कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभाल चुकी हैं।**

## शशिधर भट्ट स्मृति फुटबाल गढ़वाल कप का आग़ाज़

### मानसिक रूप से मजबूत होने के लिए खेलना ज़रुरी : ऋतु खंडूड़ी

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** स्व. शशिधर भट्ट स्मृति फुटबाल संस्था की ओर से राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में रविवार से 71वें स्व. शशिधर भट्ट स्मृति फुटबाल प्रतियोगिता गढ़वाल कप का आगाज हो गया है। उद्घाटन मैच में ऋषिकेश इलेवन ने 90 मिनट क्लब दिल्ली को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 1-0 के अंतर से हराया। वहीं, कोटद्वार एफसी व श्रीनगर इलेवन के बीच खेला गया दूसरा मैच 1-1 की बराबरी पर रहा।

प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में तनावपूर्ण माहौल में मानसिक रूप से मजबूत होना जरूरी है। इसके लिए खेलना जरूरी है। तत्पश्चात उद्घाटन मैच ऋषिकेश इलेवन व 90 मिनट क्लब दिल्ली के बीच खेला गया जो काफी संघर्षपूर्ण रहा। पहले हाफ के 45वें मिनट में ऋषिकेश इलेवन की ओर से दिव्यांशु बिष्ट ने गोल दागकर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। दूसरे हाफ में कोई गोल न होने पर ऋषिकेश इलेवन ने मैच अपने नाम किया। दूसरा मैच कोटद्वार एफसी व श्रीनगर इलेवन के बीच हुआ। पहले हाफ में दोनों टीमें 0-0 की बराबरी पर रहीं। दूसरे हाफ के 51वें मिनट में श्रीनगर की ओर से दीपक नेगी ने गोल दागकर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। 61वें मिनट में कोटद्वार एफसी के अलंकृत नेगी ने गोल दागकर स्कोर को 1-1 की बराबरी पर ला दिया। अंत तक स्कोर यही रहा और दोनों के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। इस अवसर पर पीएमश्री जीजीआईसी कोटद्वार की छात्राओं ने स्वागत गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस दौरान कार्बेट पार्क के निदेशक साकेत बडोला, मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष सुमन कोटनाला, विधायक प्रतिनिधि एवं पूर्व पार्षद कमल नेगी, बाल भारती स्कूल के प्रधानाचार्य गिरिराज सिंह रावत, स्व. शशिधर भट्ट की पत्नी माया भट्ट, पूर्व अंतरराष्ट्रीय फुटबाल कोच सुनील रावत व आयोजन समिति के अतुल भट्ट मौजूद रहे।

## कोटद्वार के मूल निवासी चांद मौला बख्श ने दुबई में आयोजित किया 'कौथिक महोत्सव'

### गायक नरेन्द्र सिंह नेगी सहित कलाकारों ने बिखेरा जलवा



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** सात समुद्र पार दुबई में प्रख्यात समाजसेवी, गरीबों के मसीहा चांद मौला बख्श की पहल पर पिछले कई वर्षों से उत्तराखंड के सांस्कृतिक कौथिक (मेले) का हर वर्ष आयोजन किया जाता है, शनिवार को भी दुबई में 'कौथिक महोत्सव' में सैकड़ों उत्तराखण्डियों ने उत्तराखंड के लोकगीतों और संस्कृति का आनंद लिया। कार्यक्रम में उत्तराखंड के जाने माने कलाकार गढ़ रत्न नरेंद्र सिंह नेगी, सौरभ मैठाणी, खुशी जोशी, बाल कलाकार शिव तांडव स्त्रोत फेम वैदेही सहित कई कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से सभी प्रवासियों का मन मोह लिया। इस मौके पर उत्तराखंड के गायक नरेंद्र सिंह नेगी ने आयोजक चांद मौला बख्श को महान समाजसेवी और 'खांटी उत्तराखंडी' बताया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड कोटद्वार नगर में जन्मे दुबई ही नहीं उत्तराखंड में भी रोशनी बिखेर रहे हैं। इस मौके पर कोटद्वार के भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। मालूम हो कि दुबई में हर वर्ष उत्तराखंड की संस्कृति पर आधारित मेले का आयोजन किया जाता है, इस वर्ष मेले में उत्तराखंड के तमाम लोक कलाकारों ने शिरकत कर और भी रोचक बना दिया। रेडियो गढ़वाणी के चीफ़ एडिटर व जागृति संस्था के अध्यक्ष मनीष भट्ट व कांग्रेस नेता प्रवेश रावत ने अपने वक्तव्य में कहा कि कोटद्वार निवासी चांद मौला बख्श की पहल पर दुबई में उत्तराखंड की संस्कृति को प्रदर्शित करने से उत्तराखंड का मान बढ़ा है।

## रासेयो स्वयंसेवियों ने चलाया सफाई अभियान

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** देवी रोड स्थित श्री गुरू राम राय पब्लिक स्कूल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन सोमवार को स्वयंसेवियों ने कण्वाश्रम में स्वच्छता अभियान चलाया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी हिमांशु द्विवेदी ने कहा कि किसी भी राष्ट्र के निर्माण में वहां के युवाओं की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण होती है। एनएसएस से न केवल समाज को बल्कि छात्रों को भी लाभ होता है। एनएसएस का मुख्य उद्देश्य युवाओं के व्यक्तित्व विकास एवं चरित्र निर्माण करना है। युवाओं को समाज एवं राष्ट्र के लिए कार्य करने का संकल्प लेना चाहिए। तत्पश्चात स्वयं सेवियों ने सफाई अभियान चलाते हुए एकत्रित कूड़े का निस्तारण किया। इस अवसर पर डबल सिंह, सतेन्द्र सिंह नेगी, पूजा नेगी व सविता डबराल आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## योगासन प्रतियोगिता हेतु कु. संतोषी का चयन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राजकीय महाविद्यालय की छात्रा कु. संतोषी का चयन ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी योगासन प्रतियोगिता हेतु हुआ है, जो वेल्स इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस चेन्नई में कुछ दिन बाद होगी। सोमवार को महाविद्यालय क्रीड़ा प्रभारी डा. हीरा सिंह डुंगरियाल ने बताया कि संतोषी इससे पूर्व भी भुवनेश्वर में हुई ऑल इंडिया योगासन प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर चुकी है। कहा कि महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राओं का निरंतर ऑल इंडिया एवं नॉर्थ जोन प्रतियोगिताओं में चयन हो रहा है। इसका श्रेय महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डा. डी. एस. नेगी को जाता है जिनके कुशल मार्गदर्शन और खिलाड़ियों को हर संभव सहायता के कारण आज खिलाड़ी देश के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं। वहीं कु. संतोषी को इस उपलब्धि पर पूरे महाविद्यालय परिवार ने शुभकामनाएं दी हैं।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# जेएनयू में नारे लगे- मोदी-शाह की क़ब्र खुदेगी

## शरजील-उमर के समर्थन में प्रदर्शन, दिल्ली दंगा केस में कल जमानत नामंजूर हुई थी

नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय ( जेएनयू ) में उस समय तनाव का माहौल बन गया, जब छात्रों ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत याचिका खारिज होने के बाद प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक और विवादित नारे लगाए गए।



सोमवार रात हुए विरोध प्रदर्शन के एक कथित वीडियो के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ नारेबाजी की गई। यह घटना 5 जनवरी 2020 को जेएनयू परिसर में छात्रों पर हुए हमले की वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई। जेएनयू छात्र संघ द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों ने शरजील इमाम और उमर खालिद को जमानत न मिलने पर अपनी नाराजगी व्यक्त की। विश्वविद्यालय प्रशासन इस मामले की जांच में जुट गया है और घटना से जुड़े तथ्यों का पता लगाने का प्रयास कर रहा है। बता दें कि 5 जनवरी, 2020 को कैंपस में हिंसा भड़क गई थी, जब नकाबपोश लोगों की भीड़ कैंपस में घुस गई और तीन हॉस्टलों में छात्रों को निशाना बनाया। लाठियों, पत्थरों और लोहे की रॉड से हमला किया, हॉस्टल में रहने वालों को पीटा और खिड़कियां, फर्नीचर और निजी सामान तोड़ दिये। करीब दो घंटे तक कैंपस में अफरा-तफरी मची रही, जिसमें JNU स्टूडेंट्स यूनियन की प्रेसिडेंट आइशी घोष समेत कम से कम 28 लोग घायल हो गए।

# दोषी नहीं हूं, अब भी अपने देश का राष्ट्रपति हूं



## मादुरो ने अमेरिकी अदालत से कहा

वाशिंगटन ( एजेंसी/चिंगारी )। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने सोमवार को अमेरिका में न्यूयार्क की अदालत से कहा कि वह दोषी नहीं हैं और अब भी अपने देश के राष्ट्रपति हैं। मादुरो और उनकी पत्नी को न्यूयॉर्क की एक अदालत में पेश किया गया। मादुरो दोपहर 12 बजे के कुछ देर बाद जेल के कपड़े पहने अनुवाद के लिए हेडफोन लगाए और पैरों में हथकड़ी पहने कोर्टरूम में दाखिल हुए। उनकी पत्नी ने भी वैसे ही कपड़े पहने थे, हालांकि उनके दोनों हाथ हथकड़ी से मुक्त थे। मादुरो ने अपने वकील से हाथ मिलाया। मादुरो ने लोअर मैनहट्टन में फेडरल कोर्ट हाउस में अमेरिकी डिस्ट्रिक्ट जज एल्विन हेलरस्टीन की अदालत में एक दुभाषिए के ज़रिए कहा कि ड्रग तस्करी और हथियारों के आरोपों में वह निर्दोष हैं। उन्होंने कहा, मैं निर्दोष हूं। मैं दोषी नहीं हूं। मैं एक शरीफ़ आदमी हूं। उन्होंने कहा कि वह अब भी अपने देश के राष्ट्रपति हैं। मादुरो और उनकी पत्नी, सीलिया फ्लोरेस को सोमवार दोपहर कार्यवाही शुरू होने से कुछ घंटे पहले ब्रुकलिन में मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर से हेलीकॉप्टर से मैनहट्टन हेलीपोर्ट ले जाया गया और भारी सुरक्षा के बीच मोटरकेड से कोर्ट हाउस ले जाया गया। सुनवाई से पहले कोर्ट हाउस के बाहर प्रदर्शनकारी जमा हो गए थे। कई तख्तियों पर लिखा था, राष्ट्रपति मादुरो और सीलिया फ्लोरेस को अभी आजाद करो! वेनेजुएला के तेल के लिए कोई युद्ध नहीं और अमेरिका वेनेजुएला से दूर रहे।






## खड़गे बोले- मोदी ट्रम्प के आगे क्यों झुक रहे

# उन्हें सिर हिलाने के लिए प्रधानमंत्री नहीं चुना

नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयानों को लेकर सोमवार को पीएम मोदी पर टिप्पणी की। उन्होंने कहा- मैं नहीं समझ पा रहा कि मोदी ट्रंप के सामने क्यों झुक रहे हैं। यह देश के लिए ठीक नहीं है। आपको देश के लिए खड़ा होना चाहिए। देश ने आपको प्रधानमंत्री सिर हिलाने के लिए नहीं चुना। दरअसल खड़गे का बयान ट्रम्प के दावे पर आया है, जिसमें उन्होंने कहा कि रूस से तेल आयात पर अमेरिकी नाराजगी के बाद भारत ने तेल खरीद घटाई, क्योंकि मोदी मुझे (ट्रम्प) खुश करना चाहते थे। खड़गे ने वेनेजुएला की स्थिति पर भी चिंता जताते हुए कहा- वहां बन रहे हालात दुनिया के लिए अच्छे नहीं हैं। डराने और विस्तारवादी नीति ज्यादा समय तक नहीं चलती। हिटलर और मुसोलिनी जैसे लोग इतिहास बन चुके हैं। वैश्विक शांति बिगाड़ने वाली सोच ठीक नहीं है। क्या रूस से तेल आयात घटाने का फैसला ट्रम्प को खुश करने के लिए लिया गया? खड़गे ने ट्रम्प के उस दावे पर भी सवाल उठाया, जिसमें वे बार-बार भारत और पाकिस्तान के बीच शांति कराने की बात कहते हैं। खड़गे बोले- ट्रम्प कम से कम 70 बार कह चुके हैं कि उन्होंने भारत-पाक के बीच शांति कराई। क्या इसका मतलब है कि दुनिया उनके आगे झुक जाए? दुनिया नहीं झुकेगी।